
वर्ष : 33 ▸ अंक : 301 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, गुरुवार, 16 जनवरी 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



P8 'झुक गया फेसबुक', मार्क जुकरबर्ग के चुनाव वाले बयान पर मेटा ने मांगी माफी

P7 नोवाक जोकोविच ने रचा नया इतिहास

# देश को मिले 3 नए 'महाबली' युद्धपोत

अमित बृज | मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार (14 जनवरी) को तीन लीडिंग बैटलशिप आईएनएस सूरत (INS Surat), आईएनएस नीलगिरि (INS Vagsheer) और आईएनएस वाघशीर (NS Waghshir) को देश को समर्पित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा कि 15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। मैं हर उस बहादुर सैनिक को सलाम करता हूं जिन्होंने हमारे देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया है। मैं उन सभी साहसी नायकों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं जो देश की सुरक्षा में डटे हुए हैं। आज का दिन भारत की समुद्री विरासत, नेवी के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत मिशन के लिए भी अहम दिन है।



**पीएम मोदी ने 3 युद्धपोत राष्ट्र को समर्पित किए, कहा- भारत की सुरक्षा को मिलेगी नई ताकत**

- **पहली बार डिस्ट्रॉयर, फ्रिगेट और सबमरीन एकसाथ कमीशंड हुए**

### INS नीलगिरी (स्टेल्थ फ्रिगेट)




एडवांस सेंसर और रैपिड फायर क्लोज इन वेपन सिस्टम।

P17A स्टील्थ फ्रिगेट प्रोजेक्ट का पहला जहाज।

एडवांस सर्वाइबिलिटी, सी-कीपिंग टेक्नोलॉजी।

स्वदेशी फ्रिगेट की नई जनरेशन का जहाज और लंबे समय तक समुद्र में रहने की क्षमता। चेतक, एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर उतर सकते हैं। ब्लू वॉटर ऑपरेशन में इस्तेमाल हो सकता है

### INS सूरत (डिस्ट्रॉयर)




सटीक टारगेट लॉक करने की क्षमता

P15B गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर प्रोजेक्ट का चौथा जहाज है।

4 गैस टर्बाइन, स्टील्थ ग्लाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर टेक्नोलॉजी।

दुनिया के सबसे बड़े जहाजों में से एक, इसके 75% पार्ट्स भारत में बने। यह एडवांस नेटवर्क, एडवांस वेपन सेंसर पैकेज से लैस है।

### INS वाघशीर (सबमरीन)




पानी के अंदर 35KMPH की रफ्तार।

P75 स्कॉर्पियन प्रोजेक्ट की छठी सबमरीन।

सतह पर भी टारगेट लॉक करने की टेक्नोलॉजी।

फ्रांस की नेवी ने इसे बनाने में भारत की मदद की। सबसे शांत, वर्सेटाइल डीजल-इलेक्ट्रिक सबमरीन है। इसमें एंटी-सरफेस वॉर, एंटी-सबमरीन वॉर सिस्टम वायर-गाइडेड टॉरपीडो, एंटीशिप मिसाइल भी मौजूद है।

### छत्रपति शिवाजी महाराज का उल्लेख

उन्होंने आगे कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने भारतीय नौसेना को नई ताकत और नई विजन दी थी। आज उनकी पवित्र भूमि पर हम 21वीं सदी की नौसेना को मजबूत करने की डाइरेक्शन में एक बहुत बड़ा कदम उठा रहे हैं। यह पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर, एक फ्रिगेट और एक सबमरीन को एक साथ कमीशन किया जा रहा है और इससे भी गर्व की बात है कि ये तीनों मेड इन इंडिया हैं।

### 'भारत मैरीटाइम पावर बन रहा है'

आज जो प्लेटफॉर्म लॉन्च हुए हैं, उनमें भी इसकी झलक है। नीलगिरी चोल वंश के सामुद्रिक सामर्थ्य के प्रति समर्पित है। सूरत वॉर शिप उस वक्त की याद दिलाता है, जब गुजरात को पोर्ट के जरिए वेस्ट एशिया से जुड़ा था। आज बाघशीर सबमरीन की भी कमीशनिंग हो रही है। कुछ साल पहले पी-75 क्लास के पहली सबमरीन की कमीशनिंग का मौका मिला था। आज इस क्लास की छठी सबमरीन समर्पित कर रहा हूं।

### 'हम पूरे विश्व को परिवार मानकर चलते हैं'

भारत विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की भावना से काम करता है। ओपन, सिक्योर, इन्क्लूजिव इंडो पैसेफिक रीजन का समर्थन किया है। जब समुद्र से सटे देशों के विकास की बात आई तो भारत ने मंत्र दिया सागर- सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन। जी-20 में कहा कि वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर।

# इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन



डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नवी मुंबई में एशिया के दूसरे सबसे बड़े इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया। यह मंदिर 9 एकड़ में फैला है। मोदी ने कहा कि भारत को समझने के लिए अध्यात्म को आत्मसात करना होगा। उन्होंने कहा कि सेवा ही सच्चे सेक्युलरिज्म का प्रतीक है। सरकार भी इस्कॉन की तरह सेवा के भाव से काम कर रही है। पीएम ने कहा कि

### भारत को समझने के लिए अध्यात्म ही रास्ता, सेवा ही असली सेक्युलरिज्म: पीएम

जब देश गुलामियों की बेड़ियों में जकड़ा था, तब प्रभुपाद जी स्वामी इस्कॉन जैसा मिशन शुरू किया। इस मंदिर में भी अध्यात्म और सभी परंपरा के दर्शन होते हैं। यहां रामायण, महाभारत का म्यूजियम बनाया जा रहा है।

### 'इस्कॉन की तरह हमारी सरकार भी काम कर रही'

इस्कॉन जिस तरह से सेवा के भाव से काम कर रही है, हमारी सरकार भी ऐसे ही काम कर रही है। सेवा की यही भावना सच्चा सामाजिक न्याय लाती है। सेवा ही सच्चे सेक्युलरिज्म का प्रतीक है। हमारी सरकार कृष्णा सर्किट के माध्यम से देश के अलग-अलग तीर्थों और धार्मिक स्थानों को जोड़ रही है। इस सर्किट का विस्तार गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और ओडिशा तक है। वृन्दावन के 12 जंगलों का प्रतिरूप बनाया जा रहा है।

# महायुति के नेता करेंगे 'डब्बा पार्टी'

## पीएम मोदी ने NDA नेताओं को दिए टिप्स

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति को मिली बड़ी सफलता मिली। महायुति ने 230 सीटों पर जीत हासिल की और देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में सरकार का गठन हुआ है। अब फिर से महाराष्ट्र में निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी है। बुधवार को पीएम मोदी मुंबई दौरे पर थे। उन्होंने महायुति के विधायकों की बैठक की। इस बैठक में उन्होंने बीजेपी, एनसीपी और शिवसेना विधायकों को कई टिप्स दिए । उन्होंने यह भी सलाह दी कि महायुति को हर गांव में डब्बा पार्टी का आयोजन करना चाहिए। मोदी की सलाह से अब महायुति की ओर से गांवों में डब्बा पार्टियां होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधायकों से अपील की कि वे महायुति के तौर पर संगठन को बढ़ाने पर ध्यान दें। पीएम मोदी ने कहा, "महायुति में एकता बढ़ाने के लिए घटक दलों के अपने विधायकों के क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में जाएं।' साथ ही गठबंधन को मजबूत करने के लिए गांव-गांव डब्बा पार्टी का आयोजन करें।




### अपने विधानसभा क्षेत्र का रखें विशेष ख्याल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधायकों की बैठक में कांग्रेस का उदाहरण दिया। इस बारे में बात करते हुए कि कांग्रेस ने कई वर्षों तक सत्ता कैसे बरकरार रखी है, प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पांच साल की सड़क बनाने का वादा करती है। मानचित्र दूसरे पांच वर्ष की अवधि में दिखाया गया है। उन्होंने तीसरी पंचवर्षीय योजना पर काम शुरू करने की घोषणा की। पीएम मोदी ने विधायकों को सलाह दी गई कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्रों का ख्याल रखते हुए अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें। एक जन प्रतिनिधि के रूप में काम करते समय हमारा पूरा ध्यान रहता है। इसलिए मीडिया से बात करते समय सावधान रहें। मोदी ने सलाह दी, ध्यान रखें कि आपके हाथों से गलत चीजें न हों।

मनी लॉन्ड्रिंग मामला

# केजरीवाल पर मुकदमा चलाने की मंजूरी

एजेंसी | नई दिल्ली



शराब घोटाले मामले में गृह मंत्रालय ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई है। इससे पहले बीते साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि लोकसेवक के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए प्राधिकरण से मंजूरी लेनी होगी। ईडी ने शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को मास्टरमाइंड और किंगपिन बताया था। उन्होंने कहा कि दिल्ली के उपराज्यपाल के माध्यम से एजेंसी द्वारा यह अनुरोध किया गया था और इस अनुरोध को मंजूरी देने के लिए मंत्रालय सक्षम प्राधिकार है।

फॉलो खबर : टोरेस घोटाला प्रकरण

# 'किसी को बलि का बकरा न बनाएं'

- **मुंबई पुलिस को हाई कोर्ट की फटकार**

धीरज सिंह | मुंबई

टोरेस निवेश घोटाले में जांच की धीमी रफ्तार पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने मुंबई पुलिस को फटकार लगाई. याचिकाकर्ता की सुरक्षा की मांग पर कोर्ट ने पुलिस से कहा कि किसी को नहीं ढूंढ सकते तो किसी और को बलि का बकरा न बनाएं। पुलिस को जल्द और उचित जांच करनी चाहिए। कोर्ट ने व्हिसलब्लोअर होने का दावा करने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट को सुरक्षा देने का आदेश भी दिया। हाई कोर्ट की



जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और नीला गोखले की खंडपीठ ने मुंबई के पुलिस आयुक्त से कहा कि वो चार्टर्ड अकाउंटेंट अभिषेक गुप्ता को सुरक्षा दें, जिनका दावा है कि उन्होंने घोटाले का पर्दाफाश किया है। इस मामले में अभी तक तीन आरोपी पकड़े गए हैं और 11 फरार हैं, जिनके खिलाफ लुक-आउट सर्कुलर जारी किए गए हैं।

### सैकड़ों निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी का आरोप

पुलिस ने कोर्ट को बताया कि फरार आरोपियों का वो पता लगा रही है। याचिकाकर्ता को किसी तरह का खतरा नहीं है। बता दें कि टोरेस ज्वैलरी ब्रांड के मालिकाना हक वाली कंपनी पर पोंजी और एमएलएम योजनाओं में सैकड़ों निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी करने का आरोप है। पोंजी और एमएलएम योजनाओं में बड़े रिटर्न का वादा किया गया था। हालांकि, भुगतान नहीं किया गया। इस मामले में पुलिस का कहना है कि अब तक 2 विदेशी नागरिकों समेत 3 लोगों को अरेस्ट किया गया है।

बीड सरपंच हत्याकांड

# सात दिन की पुलिस हिरासत में वाल्मिक कराड

मुनीब चौरसिया | बीड/मुंबई




महाराष्ट्र के बीड शहर में एक विशेष मकोका अदालत ने बुधवार को मसाजोग के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में वाल्मिक कराड को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। कराड को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता धनंजय मुंडे का करीबी माना जाता है। राज्य पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने कराड के लिए 10 दिन की हिरासत की मांग की थी। कराड के खिलाफ मंगलवार को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामला दर्ज किया गया था और उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। इसके बाद पुलिस ने विशेष मकोका अदालत में उसकी हिरासत की मांग की थी।

# कांग्रेस के नए मुख्यालय का इनॉगरेशन

एजेंसी | नई दिल्ली

'इंदिरा गांधी भवन' 9A, कोटला रोड, नई दिल्ली यह कांग्रेस पार्टी का नया पता है। सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी के अन्य नेताओं के साथ बुधवार को इसका उद्घाटन किया। करीब 46 साल बाद पार्टी ने अपना पता बदला है। इससे पहले पुराना ऑफिस 24, अकबर रोड था। नए ऑफिस की आधारशिला 2009 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी ने रखी थी।



### भाजपा की वजह से दूसरी बार एंट्री पॉइंट बदला

कांग्रेस के नए ऑफिस का मेन एंट्रेंस बदल सामने नहीं, बल्कि पीछे के दरवाजे से है। इसकी वजह भाजपा है। दरअसल, ऑफिस का फ्रंट एंट्रेंस दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर है। ऐसे में एड्रेस पर यह नाम आता, इसलिए पार्टी ने फ्रंट एंट्रेंस के बजाय बैकडोर एंट्री यानी पिछले दरवाजे से एंट्रेंस चुना, जो कोटला रोड पर खुलता है। 70 के दशक में कांग्रेस का ऑफिस डॉ. राजेंद्र प्रसाद रोड पर था। इसका एड्रेस 3, रायसीना रोड था। इसके ठीक सामने 6, रायसीना रोड पर अटल बिहारी वाजपेयी रहा करते थे, इसलिए कांग्रेस ने यहां भी बैकडोर एंट्री चुनी थी। 1978 में कांग्रेस में टूट के बाद ऑफिस पार्टी सांसद जी वेंकटस्वामी को अलॉट बंगले 24, अकबर रोड में शिफ्ट किया गया था। तब से अब तक यह कांग्रेस मुख्यालय का पता रहा।

### 252 करोड़ रुपए में बना

यह भाजपा मुख्यालय से 500 मीटर दूर है। इसे बनने में 252 करोड़ रुपए लगे। भाजपा दफ्तर डेढ़ साल में बना था। कांग्रेस नेता कमलनाथ ने 2019 में कहा था- भाजपा मुख्यालय 700 करोड़ में बना है।

# महाराष्ट्र सरकार करेगी तेंदुओं की नसबंदी

- **केंद्र से मांगी जाएगी मदद**



एन. के. पुरोहित | मुंबई

महाराष्ट्र में तेंदुए की बढ़ती आबादी और इससे जुड़े हमलों को रोकने के लिए राज्य सरकार ने तेंदुओं की नसबंदी का प्रस्ताव रखा है। विधान परिषद सदस्य सत्यजीत तांबे द्वारा वन मंत्री गणेश नाईक को लिखे गए पत्र के बाद, मंत्री ने केंद्र सरकार से मदद लेने का आश्वासन दिया है। राज्य के विभिन्न जिलों में तेंदुओं के हमले बढ़ते जा रहे हैं, जिससे किसान, मजदूर और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, तेंदुओं की संख्या में तेजी से हो रही वृद्धि इस समस्या का मुख्य कारण है, जिसके चलते जनसंख्या नियंत्रण के उपाय आवश्यक हो गए हैं।

### जनसंख्या मामले में महाराष्ट्र देश में दूसरे स्थान पर

महाराष्ट्र में तेंदुओं की संख्या में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2018 में 1,690 तेंदुए थे, जो 2022 में बढ़कर 1,985 हो गए। राष्ट्रीय स्तर पर भी तेंदुओं की आबादी बढ़ी है। भारत में 2018 में 12,852 तेंदुए थे, जो अब बढ़कर 13,874 हो गए हैं। महाराष्ट्र का योगदान देश की तेंदुआ जनसंख्या में 14% है, जो इसे मध्य प्रदेश के बाद दूसरे स्थान पर रखता है।

# पूजा खेडकर को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व IAS ऑफिसर पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर 14 फरवरी तक रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई की और दिल्ली हाईकोर्ट का 23 दिसंबर का आदेश पलट दिया।



- **सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का आदेश पलटा, दिल्ली सरकार और UPSC को नोटिस जारी किया**
- **14 फरवरी तक गिरफ्तारी पर लगी रोक**

### 14 फरवरी को अगली सुनवाई

कोर्ट में पूजा की ओर से पेश वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कहा- हाईकोर्ट के आदेश में कुछ ऐसी टिप्पणी है, जिसके कारण अगर ट्रायल शुरू हुआ तो पूजा पर दोष सिद्ध हो सकते हैं। इस पर जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने UPSC और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने कहा की मामले की अगली सुनवाई 14 फरवरी को होगी।

### ये हैं आरोप

दरअसल, पूजा पर UPSC एग्जाम में धोखाधड़ी और OBC और विकलांगता कोटे का गलत तरीके से फायदा लेने का आरोप है। UPSC की शिकायत के बाद दिल्ली पुलिस ने पूजा खेडकर के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का केस दर्ज किया था। पूजा ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 1 अगस्त को पूजा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद पूजा दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचीं, जहां 23 दिसंबर को पूजा की जमानत याचिका खारिज हो गई थी।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



बदलापुर का बदला

# पत्नी के साथ रेप किया तो पति ने दोस्त को मार डाला

### पहले शराब पिलाई फिर सिर पर हथौड़े से किए वार

डीबीडी संवाददाता | बदलापुर

ठाणे में एक शख्स ने पत्नी के साथ रेप करने वाले दोस्त की हत्या कर दी। आरोपी ने पहले अपने दोस्त को घर बुलाकर पार्टी दी। उसे जमकर शराब पिलाई और जब वो नशे में सो गया तो फिर हथौड़े से उसके सिर पर कई बार वार किया, जिसमें उसकी मौत हो गई। पुलिस ने 30 वर्षीय हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, जब उसके दोस्त ने उसकी पत्नी के साथ रेप किया तो उसने धमकी दी थी कि ये बात वो किसी को न बताए। हालांकि पीड़िता ने किसी तरह साहस जुटाकर अपने पति को इसके बारे में बताया। उसके बाद दोनों ने मिलकर रेप के आरोपी को सबक सिखाने के लिए पूरा प्लान बनाया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, 30 वर्षीय आरोपी पति रवि (बदला हुआ नाम) बदलापुर इलाके के शिरगांव का रहने वाला है और एक प्राइवेट कंपनी में हेल्पर का काम करता है। उसकी 29 साल के राजेश (बदला हुआ नाम) के साथ अच्छी दोस्ती थी और वो उसके घर भी आता-जाता था।



#### दोस्त की पत्नी के संग किया था रेप

बदलापुर ईस्ट पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच में पता चला कि जब उसकी पत्नी घर में अकेली थी, तभी राजेश घर आया और उसके साथ रेप किया। इतना ही नहीं, उसने पीड़िता को धमकाया कि वो इसके बारे में किसी को न बताए। अगर उसने पति को इसके बारे में बताया तो उसे जान से मार देगा। उन्होंने आगे बताया, प्लान के मुताबिक, रवि ने राजेश को 10 जनवरी को पार्टी के लिए बुलाया और खूब शराब पिलाई। नशा होने के बाद राजेश उस दिन रवि के घर पर रुक गया। उसके बाद रवि ने उसके सिर पर हथौड़े से कई बार हमला किया। अगली सुबह रवि ने पुलिस को फोन कर बताया कि राजेश की बाथरूम में गिरने की वजह से मौत हो गई। जब पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो सामने आया कि सिर पर किसी भारी चीज से हमला किया गया, जिसकी वजह से व्यक्ति की मौत हुई। जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

# बीएमसी करेगी मुंबई को साफ

## विशेष 2 घंटे का साप्ताहिक सफाई अभियान शुरू

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने अपने '100 दिन की कार्रवाई' अभियान के तहत शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए 'कचरा मुक्त घंटे' पहल शुरू की है। यह विशेष सफाई अभियान सोमवार से



शुक्रवार तक हर दिन सुबह 11 बजे से दो घंटे तक चलेगा। इस पहल के तहत बीएमसी ने सार्वजनिक स्थलों पर मार्शल तैनात करने का फैसला किया है, जो सफाई नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नजर रखेंगे और जुर्माना लगाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य शहर के हर कोने को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाना है।

#### सड़कों और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता पर जोर

बीएमसी के उप आयुक्त किरण दिघावकर ने बताया कि इस अभियान के तहत सड़क किनारे खड़े वाहनों के नीचे से कचरा हटाया जाएगा। फेंकी गई टूटी हुई सामग्री को हटाया जाएगा। धूल, दाग, पोस्टर, स्टिकर और भित्तिचित्रों को हटाया जाएगा। पत्थरों के किनारों और फुटपाथ को अच्छे से धोया जाएगा। सड़कों और फुटपाथों पर उगी अनावश्यक झाड़ियों और घास को हटाया जाएगा। चयनित क्षेत्रों के सार्वजनिक शौचालयों की अच्छी तरह से सफाई की जाएगी।

#### जिम्मेदार नागरिकों से सहयोग की अपील

बीएमसी का यह विशेष सफाई अभियान मुंबई को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए एक बड़ा कदम है। नगर निगम ने नागरिकों से इस पहल में सक्रिय रूप से सहयोग करने और शहर को कचरा मुक्त बनाने में योगदान देने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से रह रही तीन बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार



उल्हासनगर। पुलिस ने ₹अवैध रूप से₹ भारत में रह रही तीन बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इन महिलाओं के पास भारत में रहने के लिए कोई वैध दस्तावेज़ नहीं था। यह कार्रवाई उल्हासनगर क्राइम ब्रांच की सूचना पर हुई। ठाणे के मनपाड़ा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है, और आगे की जांच जारी है। इससे पहले भी, 14 जनवरी को सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने मेघालय में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास चार बांग्लादेशी नागरिकों और तीन दलालों को पकड़ा था। इन घटनाओं से भारत में अवैध प्रवेश और निवास से संबंधित चुनौतियों पर प्रकाश पड़ता है।

### 91 वर्षीय बुजुर्ग की आंखों में मिर्च पाउडर फेंककर सोने की चेन लूटने का प्रयास

**मुंबई।** मुंबई के मालवणी इलाके में एक 91 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ चेन स्नैचिंग की सनसनीखेज घटना सामने आई है। घटना मालवणी के एमएचबी कॉलोनी की है, जहां बुजुर्ग महिला आयशा शेख को एक अज्ञात महिला ने मिर्च पाउडर फेंककर निशाना बनाया और उनकी सोने की चेन छीनने का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार, 12 जनवरी की शाम करीब 7 बजे आयशा शेख अपने घर पर अकेली थीं, क्योंकि उनका बेटा नमाज पढ़ने गया हुआ था। इस दौरान वह रसोई में बर्तन साफ कर रही थीं और मुख्य दरवाजा खुला था। अचानक, एक बुर्का पहनी महिला पीछे से आई, उनकी गर्दन पकड़ी और आंखों में मिर्च पाउडर फेंक दिया। आरोपी महिला ने सोने की चेन छीनने की कोशिश की, जिसकी कीमत लगभग 1.5 लाख रुपये बताई जा रही है। हालांकि, चेन न टूटने के कारण आरोपी अपने मकसद में पूरी तरह सफल नहीं हो पाई। आयशा शेख ने साहस दिखाते हुए मदद के लिए चिल्लाया और पास पड़ा एक गिलास उठाकर हमलावर पर फेंका।

पानी बिन, चार दिन

# महिलाओं का जलापूर्ति कार्यालय पर आक्रोशित प्रदर्शन

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

श्रीरामनगर क्षेत्र में पिछले चार दिनों से जल आपूर्ति बाधित होने के कारण आक्रोशित महिलाओं ने बुधवार को नेताजी चौक स्थित मनपा जलापूर्ति कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि जब तक पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बहाल नहीं होती, वे अपना आंदोलन जारी रखेंगी।

#### महिलाओं की एकजुटता की मिसाल

महिलाओं के दृढ़ संकल्प और एकजुटता ने प्रशासन को कार्रवाई के लिए मजबूर कर दिया। गृहिणी भाविका म्हात्रे ने कहा, हम लंबे समय तक चुप रहे, लेकिन अब हमारा धैर्य खत्म हो गया है। यदि आठ दिनों में समस्या हल नहीं होती, तो हम महिला हांडा मोर्चा निकालकर विरोध करेंगे।



#### महिलाओं का आक्रोश

आक्रोशित महिलाओं ने अधिकारियों से कहा, चार दिनों से हमारे घरों में पानी नहीं है। बच्चे, बुजुर्ग सभी परेशान हैं। इसका जिम्मेदार कौन है? प्रदर्शनकारियों ने कार्यालय परिसर में डेरा डालकर चेतावनी दी कि जब तक समस्या हल नहीं होगी, वे वहां से नहीं हटेंगी।

#### प्रदर्शन का कारण



अंबरनाथ पालेगांव में मुख्य जल लाइन में तकनीकी खराबी के कारण सोमवार से कैंप-4 और कैंप-5 में पानी की आपूर्ति ठप थी। जलापूर्ति विभाग की ओर से कोई पूर्व सूचना न मिलने से नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। तीन दिनों तक पानी न मिलने से नागरिकों का गुस्सा चरम पर पहुंच गया, जिसके परिणामस्वरूप महिलाएं जल आपूर्ति कार्यालय पर धरना देने पहुंचीं। महिलाओं के विरोध के दबाव में जलापूर्ति विभाग के अधिकारी अश्विन राठौड़ ने वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर कुछ तकनीकी दिक्कतों को दूर किया और श्रीरामनगर क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बहाल की। हालांकि, लो प्रेशर की समस्या के कारण कई इलाकों में जलापूर्ति प्रभावित रही, जिस पर नागरिकों ने रोष व्यक्त किया।

#### प्रशासन की विफलता पर सवाल

यह घटना प्रशासन की कार्यक्षमता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं के लिए आंदोलन करना प्रशासनिक योजना की कमी को उजागर करता है। महिलाओं का यह प्रदर्शन यह संदेश देता है कि नागरिकों को उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करने से पीछे नहीं हटना चाहिए। महिलाओं के आंदोलन ने प्रशासन की नींद तोड़ी है, लेकिन जल आपूर्ति की समस्या का स्थायी समाधान कब होगा, यह सवाल अब भी बरकरार है। प्रशासन को इस घटना से सबक लेकर भविष्य में ऐसी समस्याओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

# 'दाऊद से जुड़े लोग आपके हेलीकॉप्टर में यात्रा करते थे'

### शरद के शाह पर बयान के बाद भाजपा का पलटवार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

गृहमंत्री अमित शाह पर की गई शरद पवार के 'राज्य से निर्वासित' किए जाने वाले बयान पर सियासत तेज हो गई है। अब भाजपा ने इसके लिए राकांपा (सपा) सुप्रीमो शरद पवार की आलोचना की है। इस दौरान भाजपा ने शरद पवार से गृहमंत्री के बारे में गलत सूचना फैलाना बंद करने को भी कहा। शरद पवार पर पलटवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि आपके (शरद पवार) कार्यकाल के दौरान ऐसी चर्चाएं थीं कि दाऊद इब्राहिम से जुड़े लोग आपके हेलीकॉप्टर में यात्रा करते थे। इतना ही नहीं यह भी कहा जाता था कि जब आप मुख्यमंत्री थे तो दाऊद मुंबई चला रहा था।

#### प्रेस कांफ्रेस में क्या बोले राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ?



प्रेस कांफ्रेस करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि राकांपा (सपा) नेता शरद पवार ने अमित शाह को लेकर कहा है कि उन्हें राज्य से निर्वासित किया गया था। लेकिन क्या आप जानते हैं कि उन्हें राज्य से बाहर क्यों किया गया? उन्हें इसलिए नहीं बाहर किया गया था कि उन्होंने कोई डकैती या चोरी की थी, बल्कि सोहराबुद्दीन शेख, जो ₹लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा तस्कर₹ था, उसकी कथित फर्जी मुठभेड़ के मामले के संबंध में उन्हें राज्य से बाहर जाने को कहा था। तावड़े ने कहा कि गुजरात की अदालत ने कहा था कि अगर मामले की निष्पक्ष जांच होनी है तो राज्य के गृह मंत्री (अमित शाह) को राज्य में नहीं रहना चाहिए। इसके बाद में, सुप्रीम कोर्ट में उन्हें इस मामले में निर्दोष साबित किया गया। आगे उन्होंने अमित शाह के एक दिन पहले के बयान को सही ठहराते हुए कहा कि उन्होंने शरद पवार को विश्वासघाती कहा है, क्योंकि उन्होंने 1978 में धोखा दिया था। साथ ही तावड़े ने यह भी कहा कि अगर कोई सियासी टिप्पणी करता है तो गलत जानकारी फैलाने के बजाय इसे स्वीकार किया जाना चाहिए। भाजपा नेता ने पवार से पूछा कि अगर उन्हें केंद्र सरकार में मंत्री नियुक्त किया गया होता तो क्या उन्होंने वी डी सावरकर के खिलाफ ऐसी टिप्पणी की होती।

#### पवार को लेकर क्या बोले थे शाह?

दरअसल, अमित शाह ने हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि 1978 में जो धोखेबाजी की राजनीति शुरू हुई थी, उसको 20 फुट जमीन में दफनाने का काम आप लोगों ने किया है। अमित शाह के इस बयान को शरद पवार पर निशाना माना गया क्योंकि 1978 में शरद पवार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने थे।

#### शरद पवार ने किया था गृह मंत्री पर पलटवार

अब अमित शाह की टिप्पणी पर शरद पवार ने प्रतिक्रिया देते हुए अमित शाह पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'मैं 1978 में मुख्यमंत्री था। मुझे उनका नहीं पता कि वो कहां थे। जब मैं मुख्यमंत्री था तो जनसंघ के उत्तमराव पाटिल जैसे लोग मेरे मंत्रालय में थे। गृह मंत्री पद की गरिमा को बरकरार रखा जाना चाहिए।'


#### शरद पवार का अमित शाह पर तीखा हमला

शरद पवार ने याद करते हुए बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री रहते हुए मुझे विपक्ष में होते हुए भी, भुज में आए भूकंप के बाद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया था। वरिष्ठ नेता ने कहा कि 'इस देश ने कई बेहतरीन गृह मंत्री देखे हैं, लेकिन किसी को भी उनके राज्य से निर्वासित नहीं किया गया था। जब वे गुजरात में नहीं रह सकते थे तो वे बालासाहब ठाकरे की मदद मांगने आए थे।' शरद पवार की इस टिप्पणी को अमित शाह पर तीखा हमला माना जा रहा है क्योंकि साल 2010 में शोहराबुद्दीन शेख फर्जी एनकाउंटर मामले में अमित शाह को गुजरात से निर्वासित कर दिया गया था। साल 2014 में अमित शाह को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया था।

# 2 किलो गांजा के साथ दो आरोपी हुए गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | अंबरनाथ

अंबरनाथ पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। मंगलवार को पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 2 किलो गांजा बरामद किया।



#### 1.950 किलोग्राम गांजा बरामद

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अंबरनाथ पश्चिम स्थित बंद डीएमसी कंपनी के पीछे एक व्यक्ति गांजा बेचने की तैयारी में है। इसके आधार पर पुलिस नायक हेमंत पाटील की अगुवाई में टीम ने छापेमारी की। मौके से मनोज रामप्रसाद यादव (40), निवासी वांगणी पूर्व, को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 1.950 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 14 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि उन्हें गांजा कहां से मिलता था और उनकी आपूर्ति कौन करता था। इस गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में मादक पदार्थों का अवैध धंधा करने वालों में हड़कंप मच गया है।

# सड़क दुर्घटना में मासूम के सिर से उठा मातृ-पितृ साया

डीबीडी संवाददाता | बदलापुर

शाहपुर में बस और दो ट्रकों के बीच हुई भीषण सड़क दुर्घटना ने बदलापुर के पाटील दंपति की दर्दनाक मौत का गहरा शोक छेड़ दिया है। इस हादसे में उनकी पांच वर्षीय बेटी कृतिका के सिर से माता-पिता का साया उठ गया। घटना ने पूरे बदलापुर शहर को शोकाकुल कर दिया है। मूल रूप से अंमळनेर के निवासी पीयूष पाटील और उनकी पत्नी वृंदा पाटील पिछले पांच वर्षों से बदलापुर पूर्व की श्रीनिवास रेजिडेंसी में रह रहे थे। पीयूष पाटील बृहन्मुंबई महानगर पालिका में नौकरी करते थे, जबकि वृंदा हाल ही में अंमळनेर में शिक्षिका के रूप में नियुक्त हुई थीं। अपनी बेटी कृतिका के साथ वे एक खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे थे।

#### जन्मदिन की खुशियां मातम में बदली



9 जनवरी को अपनी बेटी कृतिका का जन्मदिन मनाने के लिए पाटील परिवार अंमळनेर गया था। जन्मदिन के बाद, बुधवार को वे बस से बदलापुर लौट रहे थे। बस की पिछली सीट पर बैठे पाटील दंपति की बस शाहपुर में खराब खड़े एक ट्रक के पीछे रुकी थी। अचानक पीछे से आ रहे एक ट्रक ने बस को जोरदार टक्कर मार दी।

#### दर्दनाक हादसा

इस हादसे में पीयूष और वृंदा पाटील की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी कृतिका को मामूली चोटें आईं। इस हृदयविदारक घटना ने नन्हीं कृतिका को अनाथ कर दिया।

#### परिवार में शोक की लहर

परिवार के सदस्यों ने जानकारी दी कि पीयूष और वृंदा पाटील का अंतिम संस्कार अंमळनेर में किया जाएगा। इस घटना से पाटील परिवार और बदलापुर के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है।

# नागपुर जिला परिषद और पंचायत समितियों पर प्रशासक राज

## महाराष्ट्र सरकार ने जारी किया आदेश

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/नागपुर

नागपुर जिला परिषद और पंचायत समितियों का कार्यभार एक बार फिर प्रशासक के हाथ में होगा। महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है। इसके मुताबिक शनिवार यानी 18 जनवरी से जिला परिषद पर प्रशासक शासन शुरू हो जाएगा। सारा कार्यभार सीईओ के हाथ में होगा। 17 जनवरी से 13 पंचायत समितियों की कमान गट विकास अधिकारी (BDO) के हाथों में होगी। 5 साल पहले भी 6 माह के लिए प्रशासक नियुक्त किया गया था। नागपुर जिला परिषद पर महाविकास आघाड़ी की सत्ता है और कांग्रेस के पास बहुमत है। 18 जनवरी 2020 को पहली बैठक में तत्कालीन अध्यक्ष रश्मि बर्वे को चुना गया था। इसके पश्चात ढाई वर्षों के लिए अध्यक्ष मुक्ता कोकाडे चुनी गईं। अब उनका कार्यकाल 17 जनवरी को समाप्त हो रहा है तो सरकार ने एक बार फिर जिला परिषद की बागडोर प्रशासक को सौंप दी है। पिछले कार्यकाल की तरह पदाधिकारियों का विस्तार किया गया। वर्तमान शासक इसी आधार पर विस्तार पाने की आशा कर रहे थे। उससे संबंधित प्रस्ताव भी आम सभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया। उक्त प्रस्ताव मंगलवार को विभागीय आयुक्त कार्यालय से भेजा गया था। बुधवार को सरकार ने तत्काल अधिसूचना जारी कर प्रशासन का जिम्मा प्रशासक को सौंप दिया।

# शहर के कुछ इलाकों में गुरुवार को पानी की सप्लाई बंद

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

#### पाइपलाइन मरम्मत के लिए 12 घंटे का शटडाउन



ठाणे मनपा के मुख्य पाइपलाइन टॉपिंग के एयर वाल के लीकेज के कारण गुरुवार, 16 जनवरी को मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस वजह से सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक ठाणे शहर, कलवा और मुंब्रा के कुछ इलाकों में पानी की आपूर्ति बंद रहेगी। लीकेज को रोकने के लिए स्टेम प्राधिकरण और स्वयं की जलापूर्ति 12 घंटे तक ठप रहेगी। इससे घोडबंदर रोड, लोकमान्य नगर, वर्तक नगर, साकेत, ऋतु पार्क, जेल, गांधी नगर, रुस्तमजी, सिद्धांचल, इंदिरानगर, रुपादेवी, श्रीनगर, समता नगर, सिद्धेश्वर, इंटरनिटी और जॉन्सन जैसे क्षेत्रों में पानी की सप्लाई प्रभावित होगी।

# सड़क दुर्घटना में 3 लोगों की मौत, 14 घायल

डीबीडी संवाददाता | ठाणे



ठाणे जिले के शाहपुर में मुंबई-नासिक हाई-वे पर गोठेघर के पास बुधवार सुबह एक तेज रफ्तार कंटेनर की पांच अन्य वाहनों से हुई टक्कर में 3 लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। मृतकों में 1 पुरुष और 2 महिलाएं हैं। इस घटना की जानकारी मिलते ही शाहपुर हाई-वे पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हाई-वे पुलिस स्टेशन की पुलिस अधिकारी छाया कांबले के अनुसार आज सुबह तेज गति से आ रहे एक कंटेनर ने सामने चल रहे तीन वाहनों सहित दूसरी लेन पर चल रही एक बस को टक्कर मार दी। इस विचित्र दुर्घटना में तीन बस यात्रियों की मौत हो गई। 14 लोग घायल हो गये हैं। घायलों में से आठ को ठाणे सरकारी अस्पताल भेजा गया है और उनकी हालत गंभीर है। शाहपुर में छह लोगों का इलाज चल रहा है। घायलों में ट्रक, टेम्पो और बस में सफर कर रहे यात्री शामिल हैं।

# मंदिर की सीढ़ियों से अचानक गिरा और हो गई मौत

डीबीडी संवाददाता | पालघर



पालघर। जिले में 25 वर्षीय युवक की गिरने के बाद अचानक मौत हो गई। युवक दर्शन करने के बाद लौट रहा था, तभी वह सीढ़ियों पर गिर पड़ा। परिजनों का कहना है कि हार्ट अटैक से मौत हो सकती है। वहीं डॉक्टरों का कहना है कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

#### मंदिर की सीढ़ियों से उतर रहा था युवक

एजेंसी के अनुसार, यह घटना महाराष्ट्र के पालघर के तलासरी की है। यहां 25 वर्षीय मिलन डोंबरे मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। मिलन डोंबरे अपने परिवार के साथ महालक्ष्मी मंदिर पहुंचे थे। मंदिर तक पहुंचने के लिए करीब 900 सीढ़ियां चढ़नी पड़ीं। दर्शन के बाद जब वह वापस सीढ़ियों से उतर रहे थे, तो अचानक गिर पड़े। इसके बाद परिजनों ने तुरंत उन्हें पास के अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने आशंका जताई है कि मिलन की मौत हार्ट अटैक के कारण मौत हो सकती है। हालांकि, कासा ग्रामीण अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ। हेमंत बेहरे ने कहा कि मौत का असली कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। मिलन की अचानक मौत के बाद परिजनों में शोक व्याप्त हो गया।

# 900 से अधिक महिलाओं और युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

भाजपा का देशव्यापी सदस्यता अभियान ठाणे में भी जोर-शोर से चल रहा है। इसी क्रम में, ठाणे शहर जिला भाजपा अध्यक्ष संजय वाघुले द्वारा आयोजित विशेष सदस्यता अभियान में 900 से अधिक युवाओं और महिलाओं ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यों की सराहना की। पिछले साल राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा द्वारा सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई थी। इस वर्ष, राज्य में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण के नेतृत्व में 5 जनवरी से अभियान को नई गति दी गई है।




#### कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी और कार्यकर्ता

इस अभियान में भाजपा के महासचिव मनोहर सुगदरे, उपाध्यक्ष विद्या शिंदे, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सूरज दलवी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्नेहा पाटिल, और महासचिव शीतल करांडे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसके अलावा, नौपाड़ा मंडल अध्यक्ष वृषाली वाघुले, मध्य मंडल अध्यक्ष कंचन पाटिल, मुंब्रा मंडल अध्यक्ष कोमल जितेकर, उपाध्यक्ष मनाली कोहोपारे, और अन्य पदाधिकारी जैसे सुषमा लोके, राधा मथकर, विशाखा पवार, भाग्यश्री मुले, और साई कारुलकर ने भी सक्रिय रूप से हिस्सा लिया।

#### सदस्यता अभियान के तहत ठाणे में बढ़ती सक्रियता

संजय वाघुले के अनुसार, ठाणे शहर के 12 मंडलों में प्रभावी तरीके से अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक बूथ पर कम से कम 250 नए सदस्यों का पंजीकरण करने का लक्ष्य रखा गया है। आज रेलवे स्टेशन के बाहर सेटिस पुल के नीचे आयोजित विशेष अभियान में रेल यात्रियों, युवाओं, और महिलाओं को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता के लिए प्रेरित किया गया।

# लाउडस्पीकरों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई

## कोर्ट ने  का ब्योरा मांगा

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने राज्य भर में मुख्तलिफ धार्मिक और दूसरे संस्थानों में लगाए गए अवैध लाउडस्पीकरों के खिलाफ की गई दंडात्मक कार्रवाई का ब्योरा मांगा है। कोर्ट ने राज्य के गृह विभाग और राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को की गई कार्रवाई का ब्योरा देने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की पीठ ने 6 सप्ताह के भीतर इस मुद्दे पर जानकारी पेश करने को कहा है।



### डीजीपी से मांगा जवाब

पीठ ने याचिकाकर्ता की आरटीआई के जवाब में एसीएस होम और डीजीपी से 2,940 अवैध लाउडस्पीकरों के संबंध में की गई कार्रवाई का खुलासा करने को कहा है। कोर्ट में अवमानना से जुड़ी याचिका पर सुनवाई चल रही है। याचिका में धार्मिक स्थलों पर अवैध रूप से लगे लाउडस्पीकरों के खिलाफ कार्रवाई के संबंध में न्यायालय द्वारा 2016 में दिए गए निर्देशों का पालन न करने का इल्जाम लगाया गया है।

### मस्जिदों से उतारे जाएंगे लाउडस्पीकर

याचिकाकर्ता संतोष पचलग ने पहली बार 2014 में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और नवी मुंबई की कुछ मस्जिदों में अवैध रूप से लगाए गए लाउडस्पीकरों को हटाने के लिए निर्देश देने की मांग की थी। कोर्ट के आदेश के बाद भी अवैध रूप से लगे लाउडस्पीकर पर कार्रवाई नहीं और अब कोर्ट ने डीजीपी से रिपोर्ट मांगी है।

### ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव ने क्या कहा?

कोर्ट के इस आदेश के बाद ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव अल्लामा बुनई हसनी ने कहा कि निश्चित तौर पर समाज को कानून की पैरवी करनी चाहिए और उसे लागू भी कराना चाहिए। हम कहना चाहते हैं कि किसी भी धार्मिक स्थल पर लगे लाउडस्पीकर को हटाने के लिए मंदिर और मस्जिद कमेटियों से बात करके उसे कानून के दायरे में लाया जाना चाहिए और जो अवैध लाउडस्पीकर है, उसे उतारा जाना चाहिए।

# चाकू की नोंक पर किया महिला के साथ बलात्कार



**मुंबई।** मुंबई से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई के मानखुर्द इलाके में एक 17 साल के नाबालिक लड़के ने चाकू की नोक पर एक महिला के साथ बलात्कार किया। मुंबई पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार को उस समय हुई जब महिला अपने दो बच्चों के साथ घर पर अकेली थी। मुंबई पुलिस ने कहा, नाबालिग आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और मामले में आगे की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि दिसंबर में महाराष्ट्र के पुणे में 9 और 8 साल की दो नाबालिग बहनों का यौन उत्पीड़न करने के बाद उनकी हत्या करने के आरोप में 54 वर्षीय रसोइए को गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी, जो एक स्थानीय होटल में रसोइए के रूप में काम करता था, पीड़ितों का पड़ोसी था और उनके परिवार को जानता था।


## पश्चिम रेलवे

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्यिक विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008.
कार्य - मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के माध्यम से विज्ञापन का प्रदर्शन

| नीलामी सूची क्रमांक | नीलामी प्रारंभ (सभी लॉट) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-24-67 | 28/01/2025, 15:00:00 |

| क्र. | लॉट क्रमांक | स्थान / क्षेत्र | दिन | ई-नीलामी की अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-GMN-OSN-382-24-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | गोरेगांव (GMN) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 दिनों की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार वर्ष | 1095 | 28/01/2025, 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-BVI-OSN-384-24-1 (विज्ञापन स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | बोरीवली (बीवीआई) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 28/01/2025, 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-BYR-OSN-387-24-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | भायंदर (बीवाईआर) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 28/01/2025, 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-KILE-OSN-383-24-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | कांदिवली (केआईएलई) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 28/01/2025, 16:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-GTR-OSN-157-23-2 (विज्ञापन स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | ग्रांट रोड (जीटीआर) स्टेशन पर तीन वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 28/01/2025, 16:10:00 |
| 6 | ADVT-BCT-JOS-OSN-380-24-1 (विज्ञापन स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | जोगेश्वरी (जेओएस) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 28/01/2025, 16:20:00 |
| 7 | ADVT-BCT-MIRA-OSN-386-24-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | मीरा रोड (एमआईआरए) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 28/01/2025, 16:30:00 |
| 8 | ADVT-BCT-CYR-OSN-369-24-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) | चर्नी रोड (सीवाईआर) स्टेशन पर प्लेटफॉर्म कोपिंग वॉल और डिवाइडर फेंसिंग पर 3 वर्ष की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 28/01/2025, 16:40:00 |
| 9 | ADVT-BCT-DIC-OSN-385-24-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर में (गैर-डिजिटल)) स्टेशन परिसर (गैर-डिजिटल)) | दहिसर (डीआईसी) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 28/01/2025, 16:50:00 |
| 10 | ADVT-BCT-NSP-OSN-390-24-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर पर (गैर-डिजिटल)) | नालासोपारा (एनएसपी) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 28/01/2025, 17:00:00 |
| 11 | ADVT-BCT-RMAR-OSN-381-24-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर पर (गैर-डिजिटल)) | .राम मंदिर (आरएमएआर) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 28/01/2025, 17:10:00 |
| 12 | ADVT-BCT-BSR-OSN-389-24-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर पर (गैर-डिजिटल)) | वसई रोड (बीएसआर) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 28/01/2025, 17:20:00 |
| 13 | ADVT-BCT-NIG-OSN-388-24-1 (विज्ञापन - स्टेशन परिसर पर (गैर-डिजिटल)) | नायगांव (एनआईजी) स्टेशन पर पटरियों के बीच रेलिंग पर 3 साल की अवधि के लिए थोक विज्ञापन अधिकार | 1095 | 28/01/2025, 17:30:00 |

**नोटः** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें (www.ireps.gov.in) लॉटवार विवरण नीचे दी गई सूची में उपलब्ध है।
0968

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: x.com/WesternRly


# सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को लगाई फटकार

## वसई-विरार सीवेज ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट में फंड की कमी पर तलब

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार के शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव को वसई-विरार नगर निगम क्षेत्र में सीवेज ट्रीटमेंट परियोजनाओं के लिए फंड की कमी के मुद्दे पर 24 जनवरी, 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित होने का आदेश दिया है। अदालत ने राज्य सरकार के रुख को ₹अजीब₹ और पर्यावरण नियमों के अनुपालन में असफलता का प्रतीक बताया।



### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के क्रियान्वयन में देरी

जस्टिस अभय ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के गैर-कार्यान्वयन से वायु प्रदूषण में वृद्धि हो रही है। वसई-विरार क्षेत्र में 68% सीवेज बिना उपचार के जल निकायों में छोड़ा जा रहा है, जिससे स्थानीय पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है।

### धन की कमी का तर्क मानने से किया इनकार

शहरी विकास विभाग के उप सचिव द्वारा दायर हलफनामे की समीक्षा के बाद, पीठ ने राज्य सरकार से पूछा कि वह ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों को लागू करने के लिए नगर निगम को धन मुहैया कराने से इनकार कैसे कर सकती है। अदालत ने कहा, ₹धन की अनुपलब्धता का बहाना बनाकर नियमों का पालन न करना अस्वीकार्य है।

### एनजीटी की रिपोर्ट ने खोली पर्यावरणीय उल्लंघनों की पोल

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की एक संयुक्त समिति ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वसई-विरार क्षेत्र में प्रतिदिन उत्पन्न 184 मिलियन लीटर सीवेज में से केवल 15 एमएलडी का उपचार हो रहा है। क्षेत्र के मौजूदा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तय मानकों को पूरा करने में असफल हैं। एनजीटी ने पर्यावरणीय उल्लंघनों के लिए नगर निगम को दंडित किया था और ₹प्रदूषक भुगतान₹ सिद्धांत के तहत मुआवजा देने का निर्देश दिया था।

### सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

अदालत ने स्पष्ट किया कि जब भी मुख्य सचिव या संबंधित विभाग के सचिव को तलब किया जाता है, परियोजनाओं को मंजूरी मिल जाती है। अदालत ने कहा, ₹ऐसा करना शायद परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का एकमात्र तरीका है।

### सीवेज ट्रीटमेंट परियोजनाओं में देरी का मामला

यह मामला वसई-विरार क्षेत्र में गंभीर पर्यावरणीय उल्लंघनों से जुड़ा है। दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने एनजीटी के आदेश पर रोक लगाई थी और नगर निगम को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुपालन का विवरण देने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार की वित्तीय सहायता के अभाव में परियोजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट (DPR) लंबित है।

### आगे की कार्यवाही

24 जनवरी, 2025 को शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव अदालत में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे और राज्य की स्थिति स्पष्ट करेंगे। अदालत ने संकेत दिया है कि पर्यावरण नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।


## पश्चिम रेलवे

**मरम्मत और शिफ्टिंग कार्य**

**सीनियर डीईई/पी/बीसीटी ई-टेंडर नोटिस संख्याः ईएल-81-18-175-डब्ल्यूए-46 दिनांकः 13.01.2025 आमंत्रित करता है। कार्य और स्थानः** अंधेरी सेक्शन - 2 हाइड्रोलिक लिफ्टर की मरम्मत और 2 एचवीएलएस पंखों की शिफ्टिंग। **लगभग कार्य की लागतः** 15,22,994.00/- **ईएमडीः**30,500/- **जमा करने की तिथि और समयः** 13.02.2025, 15.00 बजे तक। **खोलने की तिथि और समयः** 13.02.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ.
0969

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## पश्चिम रेलवे

**विद्युत कार्य**

एडीईई/टीआरडी/बीएल निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित करता है **सूचना संख्याः ईएल-टीआरडी-डब्लू-118-24-25-16 दिनांकः 13.01.2025. कार्य का नामः**मुंबई डिवीजन के विरार-जलगांव सेक्शन में विभिन्न ट्रैक्शन सब स्टेशनों (साइट पर) पर 25 केवी सर्किट ब्रेकर और 25 केवी इंटरप्टर्स (एलिंड मेक) की आवधिक ओवरहालिंग (पीओएच)। **विज्ञापित मूल्यः** 2,60,49,325/- **ईएमडीः** 2,80,300/- **जमा करने की तिथि और समयः** 06.02.2025, 15.00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समयः** 06.02.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।
0967

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## मध्य रेल

**विभिन्न कार्य**

**क्रम संख्या – 1. कार्य का नाम** सीनियर डीईएन (एस) क्षेत्राधिकार के तहत 8.0 टन ट्रैक्ड एक्सकेवेटर का उपयोग करके यार्ड में टूटे हुए / नोकदार और छोड़े गए स्लीपरों का प्रतिस्थापन और स्टैकिंग। **लगभग मूल्य रू में** 48.73 लाख। **बयाना राशि रू में** – 97500 **समापन अवधि** 4 महीने। **क्रम संख्या – 2 कार्य का नाम** 1 वर्ष के लिए सीनियर डीईएन (एस) के तहत सीएसएमटी–कल्याण खंड में विभिन्न स्टेशनों और यार्डो से हाजीबंदर स्क्रेप यार्ड तक स्विच, एसईजे, रेल / क्रॉसिंग और फिटिंग की लोडिंग, अनलोडिंग और परिवहन। **लगभग मूल्य रू में** 116.65 लाख। **बयाना राशि रू में** – 208300 **समापन अवधि** 12 महीने। उक्त निविदा का निविदा बंद करने की तारीख और समय क्र. 1 और 2 दिनांक 31.01.2025 को 11.00 बजे तक और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा निविदा और शुध्दिपत्र के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। इलेक्ट्रॉनिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप सेंटेंडर से ऊपर ई–टेंडर में भाग लिया जा सकता है और ई–टेंडर के खिलाफ मैनुअल स्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है। मैन्युअल रूप से, यदि प्रस्तुत किया गया है तो न तो खोला जाएगा और न ही माना जाएगा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट में प्राकृति के नियम के अनुसार उपलब्ध किए गएई पेमेन्ट के माध्यम से नकद में जमा की जाएगी या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा की जाएगी या जैसा कि निविदा दस्तावेजों में उल्लेख किया गया है। अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, मध्य रेल। फोन– 022–67455323 यह विदाएं सार्वजनिक खरीदनीति आदेश 2017 दिनांक 16.9.2017 के अनुरूप है। निवीदाओं संबंधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरण उपरोक्त कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), तीसरी मंजील, कंम्पूटरीकृत आरक्षण केंद्र केऊपर, छशिमट मुंबई – 400001 के '' नोटिसबोर्ड'' पर भी उपलब्ध है।

**खुली ई– निवीदा सूचना सं – मरे/मरेप्र (कार्य) बीबी/2024/33 दिनांक 13.01.2025.**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है
698



## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

विषयः एम/ईस्ट वार्ड में सड़क स्वच्छता योजना के अंतर्गत श्रमिक उपलब्ध कराने के संबंध में।

**रुचि की अभिव्यक्ति**

विज्ञापन

इच्छुक स्थानीय पंजीकृत श्रमिक सहकारी समितियां, सेवा सहकारी समितियां, बेरोजगार सेवा सहकारी समितियां, महानगरपालिका में पंजीकृत गैर-सरकारी संगठन, जो एम/ईस्ट वार्ड ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग में सफाई कार्य के लिए सड़क स्वच्छता योजना के कार्यान्वयन के लिए 'एम/ईस्ट' वार्ड कार्यालय के अधिकार क्षेत्र में पंजीकृत हैं। महिला स्वयं सहायता समूह आदि। संगठन के माध्यम से श्रमिकों की आपूर्ति के लिए संगठन का चयन, पात्रता सूची तैयार करने और लॉटरी द्वारा चयन के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र . | योजना का नाम | संस्था की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | रास्ते स्वच्छता योजना | 05 |

महानगरपालिका को विषय कार्य हेतु चयनित की जाने वाली संस्थाओं की संख्या तथा संस्था की इकाईयों की संख्या में संभागीय कार्यालय की आवश्यकतानुसार बिना किसी पूर्व सूचना के दिनांक 16.01.2025 से आज दिनांक 21.01.2025 तक की अवधि में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है। संस्था द्वारा चालान मांग हेतु पृथक से आवेदन प्रस्तुत करने पर ही संस्था को चालान जारी किया जाएगा। चालान की अंतिम तिथि जब संस्था चालान मांग के लिए पृथक से आवेदन प्रस्तुत करेगी। चालान जारी करने की अंतिम तिथि दिनांक 21.01.2025 को दोपहर 1.00 बजे तक है। आवेदन की प्रति एम ईस्ट डिवीजन कार्यालय में सहायक अभियंता (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) को रु. 3300/- प्लस 18% जीएसटी नकद या राष्ट्रीयकृत बैंक डी.डी. के साथ जमा करवाना होगा। आवेदन को नागरिक सुविधा केंद्र (सी.एफ.सी.) में 'बृहन्मुंबई महानगरपालिका (गैर-वापसीयोग्य) के नाम से जमा करवाने के पश्चात इस कार्यालय से जारी किया जाएगा।

पात्र संस्थाओं की सूची तथा ड्रा की तिथि एम/ईस्ट डिवीजन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाई जाएगी। पात्र संस्थाओं की सूची में से सफल संस्थाओं को कार्य का आवंटन योजना की शर्तों के अनुसार संबंधित विभाग के सहायक आयुक्त द्वारा किया जाएगा। प्रत्येक कार्य के लिए अलग आवेदन तथा अलग राशि का भुगतान आवश्यक है। इच्छुक संस्थाएं अधिक जानकारी, आवेदन पत्र तथा शपथ-पत्र के नमूने के लिए 'एम/ईस्ट' वार्ड ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यालय से संपर्क करें। संस्थान से आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि 'एम/ईस्ट' वार्ड कार्यालय दिनांक 21.01.2025 सायं 05.00 बजे तक है। उल्लिखित कार्यालय समय के पश्चात प्रस्तुत किए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

हस्ता./-

पीआरओ/2237/विज्ञा./2024-25

सहायक इंजीनियर (एस.डब्लू.एम)एम/ईस्ट

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।


# 6 घंटे में अहमदाबाद से मुंबई पहुंची पहली वंदे भारत स्लीपर



**मुंबई।** वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का सफल ट्रायल 15 जनवरी को अहमदाबाद और मुंबई के बीच हुआ। पश्चिमी रेलवे के मुताबिक, अहमदाबाद और मुंबई सेंट्रल के बीच वंदे भारत स्लीपर के प्रोटोटाइप रेक का ट्रायल रन किया गया। हाई स्पीड ट्रेन ने अहमदाबाद से मुंबई का सफर 6 घंटे 21 मिनट में पूरा किया। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन बुधवार सुबह 7:29 बजे अहमदाबाद से चली और दोपहर 1:50 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंची। अहमदाबाद से मुंबई सेंट्रल के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन (सिटींग) 5 घंटे 25 मिनट लेती है, जबकि शताब्दी 6 घंटे 35 मिनट और दुरंतो 6 घंटे 50 मिनट व अन्य एक्सप्रेस ट्रेने 7 घंटे से अधिक समय लेती है। लंबी दूरी की यात्रा के लिए वंदे भारत स्लीपर ट्रेन स्लीपर बर्थ के साथ चलेगी।

# मुंबई में नहीं चलेंगे डीजल-पेट्रोल वाहन!

## सिर्फ ये गाड़ियां भरेंगी फर्राटा

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार को डीजल और पेट्रोल वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए एक समिति गठित करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा है कि मुंबई की सड़कों पर जाम लगाने वाले वाहन शहर की खराब होती वायु गुणवत्ता के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी की खंडपीठ ने सरकार को एक पखवाड़े के भीतर विशेषज्ञों और सिविल प्रशासकों की एक समिति



गठित करने का निर्देश दिया, जो इस बात पर विचार करेगी कि क्या मुंबई की सड़कों से डीजल और पेट्रोल आधारित वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाना और केवल सीएनजी या बिजली से चलने वाले वाहनों को अनुमति देना व्यवहार्य होगा।

### प्रदूषण की वजह से लिया गया फैसला

यह आदेश स्वतः संज्ञान वाली एक जनहित याचिका पर पारित किया गया। उच्च न्यायालय ने 2023 में शहर के खराब वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की थी। अदालत ने नौ जनवरी को मामले की सुनवाई की थी। पीठ ने बुधवार को उपलब्ध कराए गए अपने विस्तृत आदेश में कहा कि शहर में वायु गुणवत्ता को खराब करने में वाहनों से होने वाला प्रदूषण एक प्रमुख योगदानकर्ता है। न्यायालय ने कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र की सड़कें वाहनों से अटी पड़ी हैं और सड़कों पर वाहनों का घनत्व चिंताजनक है, जिसके परिणामस्वरूप वायु प्रदूषण से संबंधित समस्याएं और भी बढ़ जाती हैं, जिसे कम करने के लिए किए गए सभी उपाय अपर्याप्त साबित हो रहे हैं।

पीठ ने कहा कि सरकार द्वारा गठित समिति तीन महीने के भीतर अपना अध्ययन करेगी और अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

अदालत ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि लकड़ी और कोयले का उपयोग करने वाली शहर की बेकरी अपनी इकाइयों को अधिकारियों द्वारा निर्धारित एक वर्ष की समय सीमा के बजाय छह महीने के भीतर गैस या अन्य हरित ईंधन पर चलाने के लिए परिवर्तित करें।


**महाराष्ट्र शासन**
**सार्वजनिक बांधकाम विभाग**
**निविदा सूचना**

खालील कामाच्या निविदा कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, २ रा माळा, बांधकाम भवन, २५ मर्झबान रोड, फोर्ट मुंबई ४०० ००१ दुरध्वनी क्रमांक २२०१६९७५ हे खालील कामासाठी सा.बां. विभागात योग्य वर्गात नोंदणीकृत ठेकेदारांकडून मागवित आहेत. ब-१ को-या निविदेचा नमुना, कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई यांचे कार्यालयातून दिनांक १६.१.२०२५ ते २३.१.२०२५ पर्यंत देण्यांत येईल. कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई हे भरुन पाठविलेल्या सिलबंद निविदा दिनांक २४.१.२०२५ पूर्वी / त्यादिवशी दुपारी २.०० वाजेपर्यंत स्विकारतील आणि शक्यतो त्याच दिवशी उघडतील.

| अ. क्र. | कामांचे नांव | अंदाजित किंमत (रु. लाखांत) | इसारा रक्कम (रुपये) | काम पूर्ण करण्याची कालमर्यादा | निविदेचा नमूना प्रकार | कोऱ्या निविदा नमुन्याची किंमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | आकाशवाणी आमदार निवास मुंबई येथील रुम नं. ५२०-सी येथे नुतनीकरण करणे. | ८,२४,०५१/- | ८,३००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/- |
| २ | एल्फिस्टन टेक्नीकल हायस्कूल मुंबई आवारमधील मुख्य इमारतीमधील संचालक कार्यालय दुरुस्ती करणे. (भाग - १ ते ३) | ५,४१,२८२/- | ५,५००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/- |
| ३ | हायकोर्ट मुंबई येथील मुख्य इमारत येथे चेंबर २९ व २ मजल्यावरील कोर्ट रुम ५४ येथे विविध कामे करणे. | ७,२०,४०३/- | ७,३००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/- |
| ४ | आकाशवाणी आमदार निवास मुंबई येथील रुम नं. ५०७/ब येथे दुरुस्ती करणे. | ८,४३,१२९/- | ८,५००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/- |
| ५ | एल्फिस्टन टेक्नीकल हायस्कूल आवारमधील मुख्याध्यापक क्वार्टर्समध्ये दरवाजा, खिडक्या, पार्टीशन, प्लास्टर, रंगकाम, प्रसाधनगृह दुरुस्ती करणे. (भाग-४ ते ६) | ६,२६,१३१/- | ६,३००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/- |
| ६ | मंत्रालय विस्तार इमारत मुंबई येथील जिना, पॅसेज, फ्लोरींग, सेफ्टी नेट इ. दुरुस्तीची कामे करणे. | ८,१७,७०३/- | ८,२००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/- |
| ७ | मंत्रालय मुख्य इमारत ३ मजल्यावरील सहसचिव कॅबिन व गृहनिर्माण विभाग येथे बसण्याची व्यवस्था करणे. | ३,४८,९७४/- | ३,५००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/- |
| ८ | आकाशवाणी आमदार निवास मुंबई येथील ४ मजल्यावरील विविध रुम येथे दुरुस्ती करणे. | ८,३८,५०१/- | ८,४००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ३३६/- |
| ९ | बी. टी. मार्ग मुंबई येथील विस्तारीत इमारत २ येथे समोरील बाजूस वेदरशेड व स्लाईडींग विंडोची दुरुस्ती करणे. | ८,३९,५६९/- | ८,४००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/- |
| १० | आकाशवाणी आमदार निवास मुंबई येथील २ मजल्यावरील विविध रुम येथे दुरुस्ती करणे. | ८,३८,२९७/- | ८,४००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/- |
| ११ | एल्फिस्टन टेक्नीकल हायस्कूल मुंबई आवारमधील मुख्य इमारत अँटी चेंबर ऑफ डायरेक्टर कार्यालय, ड्रेनेज लाईन, चेंबर, प्रसाधनगृह, डी.टी.ई. कार्यालय दुरुस्ती करणे. | ७,४८,७७९/- | ७,५००/- | ४ महिने | ब-१ | रु. ५९०/- |

कार्यकारी अभियंता, इलाखा शहर विभाग, मुंबई यांचे कार्यालयामध्ये सूचना फलकावार सविस्तर निविदा सूचना पहावयास मिळेल. एक किंवा सर्व निविदा कोणतेही कारण न देता रद्द ठरविण्याचा अधिकार राखून ठेवला आहे.

जा.क्र. इशवि/निलि/ 200
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय
इलाखा शहर विभाग, २ रा माळा,
बांधकाम भवन, २५ मर्झबान रोड, फोर्ट,
मुंबई ४०० ००१ .
दिनांक :- 7/1/2025

हस्ता.
(व्ही. ए. पाटसकर)
कार्यकारी अभियंता,
इलाखा शहर विभाग, मुंबई.

प्रत :- उप अभियंता, दक्षिण, पश्चिम, मध्य उप विभाग आणि अधीक्षक आमदार निवास मुंबई यांना माहितीसाठी रवाना.
प्रत :- सुचनाफलक

डीजीआयपीआर- 2024-25/5683

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## संपादकीय

# बाड़बंदी पर विवाद

गत वर्ष अगस्त में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार के दौरान भारत विरोधी रवैये में कमी नहीं आ रही है। लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले के बाद अब नया विवाद दोनों देशों की सीमा पर बाड़ लगाने को लेकर पैदा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बन चुकी थी। बड़े हिस्से पर पहले ही बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुकमरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं। बीते रविवार बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने ढाका में भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया। कयास लगाये जा रहे हैं कि बांग्लादेश ये हरकतें किसी तीसरे देश के इशारे पर कर रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत-बांग्लादेश के बीच 4156 किलोमीटर लंबी सीमा में से 3271 किलोमीटर पर कंटीले तार की बाड़ लग चुकी है और अब 885 किलोमीटर सीमा पर बाड़ लगना शेष है। अवैध घुसपैठियों, अपराधियों और चरमपंथियों की रोकथाम हेतु सीमा पर बाड़ लगाना भारत का अधिकार है। मामले का निस्तारण बांग्लादेश को समझदारी से करना चाहिए। दरअसल, बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। ऐसे वक्त में जब पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए। अब तक पंजाब, जम्मू-कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिश पाक करता रहा है। इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग न करे। निश्चित रूप से पिछले दिनों बांग्लादेश से रिश्तों में जिस तरह से अविश्वास उपजा है, उसके चलते भारत अपनी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकता। यहां उल्लेखनीय है कि बाड़बंदी के भारत के फैसले को व्यापकता में देखने की जरूरत है। यह बात भी ध्यान रखने काबिल है कि दोनों देशों में सीमा पर बाड़ लगाने को लेकर विगत में एक राय बनी हुई है। बीएसएफ और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश यानी बीजीबी में कई बार बातचीत के बाद इस मुद्दे पर सहमति बन चुकी है। लेकिन बांग्लादेश भारत की सदाशयता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आता है। ऐसा ही रवैया उसका अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी रहा है, जिस बारे में वह अब दलील दे रहा है कि हालिया हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं। बल्कि अंतरिम सरकार के प्रमुख भारतीय मीडिया पर घटनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर बताने का आरोप लगाते हैं। ऐसे वक्त में जब बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार ने पाकिस्तानियों का बांग्लादेश में प्रवेश आसान कर दिया है तो पाक के बांग्लादेश को भारत विरोधी प्लेटफॉर्म के रूप में इस्तेमाल करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका हो। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, उसका यह रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा।

# धरती को गर्म करने में मंगल की भूमिका

मंगल का पृथ्वी के साथ एक अनोखा संबंध है। वैज्ञानिकों का कहना है कि मंगल पृथ्वी की जलवायु को प्रभावित करता है। यह बात कुछ अजीब-सी लगती है कि मंगल का गुरुत्वाकर्षण पृथ्वी को सूर्य के करीब खींचता है, जिससे हमारी जलवायु गर्म होती है। नए शोध से मंगल के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र और पृथ्वी की जलवायु के बीच रिश्ते का संकेत मिलता है। 6.5 करोड़ वर्ष पुराने भूवैज्ञानिक साक्ष्य बताते हैं कि पृथ्वी पर गहरे समुद्र की धाराएं हर 24 लाख वर्षों में शक्ति के चक्रों से गुजरती हैं। इन चक्रों को 'खगोलीय विराट चक्र' कहा जाता है। वैज्ञानिकों के अनुसार ये चक्र पृथ्वी और मंगल के बीच गुरुत्वाकर्षण संबंधों से जुड़े हुए प्रतीत होते हैं। गहरे समुद्र की धाराएं मजबूत और कमजोर चरणों के बीच बारी-बारी से आती हैं और समुद्र तल पर तलछट के संचय को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती हैं। मजबूत धाराओं की अवधि के दौरान शक्तिशाली हलचल रसातल तक पहुंचती है और वहां जमा तलछट को नष्ट कर देती है।

सिडनी विश्वविद्यालय में भूभौतिकी के प्रोफेसर और अध्ययन के सह-लेखक डाइटमार मुलर ने बताया कि सौर मंडल में ग्रहों के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र एक-दूसरे के साथ हस्तक्षेप करते हैं। इस अंतःक्रिया के कारण मंगल का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव पृथ्वी को सूर्य के थोड़ा करीब खींचता है, जिससे सौर विकिरण बढ़ता है और जलवायु गर्म होती है। समय के साथ, पृथ्वी फिर से पीछे की ओर खिसकती है, और यह चक्र लगभग हर 24 लाख वर्ष में पूरा होता है। यह सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण प्रभाव पृथ्वी के दीर्घकालिक जलवायु पैटर्न को आकार देने में भूमिका निभा सकता है। हमारे सौर मंडल में प्रत्येक ग्रह, चंद्रमा, क्षुद्रग्रह और यहां तक कि छोटे धूल कण गुरुत्वाकर्षण बलों के कारण एक बड़े पिंड के चारों ओर एक विशिष्ट पथ या कक्षा का अनुसरण करते हैं। मंगल और पृथ्वी अण्डाकार पथों में सूर्य की परिक्रमा करते हैं, लेकिन पृथ्वी सूर्य के करीब है और अपनी कक्षा में तेजी से चलती है। पृथ्वी को एक परिक्रमा पूरी करने में लगभग 365 दिन लगते हैं जबकि मंगल को लगभग 687 दिन लगते हैं।

शोधकर्ताओं ने लाखों वर्षों के दौरान समुद्र तल पर तलछट संचय का मानचित्रण करने के लिए उपग्रह डेटा का उपयोग किया। टीम ने भूगर्भीय रिकॉर्ड में अंतराल की खोज की, जिससे पता चलता है कि मंगल के प्रभाव के कारण गर्म अवधि के दौरान शक्तिशाली समुद्री धाराओं ने तलछट के जमाव को बाधित किया होगा। ये निष्कर्ष इन साक्ष्यों को बल प्रदान करते हैं कि मंगल के गुरुत्वाकर्षण खिंचाव सहित खगोलीय यांत्रिकी, पृथ्वी की जलवायु को प्रभावित करती है। नए निष्कर्ष ग्रहों की कक्षीय यांत्रिकी और पृथ्वी की प्राकृतिक प्रणालियों के परस्पर संबंध पर जोर देते हैं, और इस बात पर एक नया दृष्टिकोण प्रदान करते हैं कि ब्रह्मांड लाखों वर्षों में हमारे ग्रह की जलवायु को कैसे आकार दे सकता है।



शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि गर्मी के इस प्रभाव का मानव गतिविधियों से हो रही वर्तमान ग्लोबल वार्मिंग से संबंध नहीं है। अध्ययन के निष्कर्ष बताते हैं कि ये चक्र उन परिदृश्यों में भी समुद्री धाराओं को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं जहां आज ग्लोबल वार्मिंग उन्हें कमजोर कर सकती है। ऐसी ही एक महत्वपूर्ण धारा अटलांटिक मेरिडियनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन (एएमओसी) है, जिसे अक्सर समुद्र की कन्वेयर बेल्ट के रूप में जाना जाता है। यह प्रणाली उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों से उत्तरी गोलार्ध में गर्म पानी पहुंचाती है और गहरे समुद्र में गर्मी के वितरण को सुगम बनाती है। हालांकि, कुछ वैज्ञानिक आने वाले दशकों में एएमओसी के संभावित पतन की भविष्यवाणी कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस धारा के बंद होने से हमारे समक्ष बड़ी चुनौतियां प्रकट हो सकती हैं। विशेष रूप से उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में गर्मी और उत्तरी एटलांटिक क्षेत्र में तूफान की घटनाएं बढ़ सकती हैं। एटलांटिक धारा के बंद होने से विश्व स्तर पर गर्मी और वर्षा का वितरण प्रभावित होगा। इसका पृथ्वी की जलवायु पर बहुत गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। पृथ्वी की जलवायु में समुद्री धाराओं की भी एक बड़ी भूमिका होती है। समुद्री धारा दरअसल गुरुत्वाकर्षण, हवा और जल के घनत्व द्वारा संचालित समुद्री जल का निरंतर दिशात्मक प्रवाह है। समुद्री धाराएं समुद्र में निर्धारित मार्गों का अनुसरण करती हैं। वे एक प्रकार से समुद्र में बहने वाली नदियां हैं। वे पानी की सतह पर हो सकती हैं या गहरे समुद्र में भी जा सकती हैं। कुछ धाराएं बहुत बड़ी हैं। जापान की कुरोशियो धारा का आयतन 6,000 बड़ी नदियों के बराबर है। दरअसल, समुद्री धाराओं की प्रणाली गर्मी के हस्तांतरण, जैव विविधता में भिन्नता और पृथ्वी की जलवायु प्रणाली के लिए जिम्मेदार है। यदि कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैसों का वर्तमान उत्सर्जन जारी रहता है, तो उष्णकटिबंधीय और एटलांटिक क्षेत्र के सबसे उत्तरी हिस्सों के बीच गर्मी, ठंड और वर्षा का पुनर्वितरण करने वाली महत्वपूर्ण समुद्री धाराएं वर्ष 2060 के आसपास बंद हो जाएंगी। यह निष्कर्ष डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय की नई गणनाओं पर आधारित है। अपने अध्ययन में इस विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने भविष्यवाणी की है कि यदि हम ग्रीनहाउस गैसों का वर्तमान स्तर पर उत्सर्जन जारी रखते हैं तो समुद्री धाराओं की प्रणाली पूरी तरह से बंद हो जाएगी। उन्नत सांख्यिकीय उपकरणों और पिछले 150 वर्षों के समुद्र के तापमान डेटा का उपयोग करते हुए शोधकर्ताओं ने गणना की कि एटलांटिक समुद्री धारा, जिसे थर्मोहेलाइन सर्कुलेशन भी कहा जाता है, 2025 और 2095 के बीच बंद हो जाएगी। ऐसा संभवतः 2057 में हो सकता है। थर्मोहेलाइन सर्कुलेशन समुद्री धाराओं की वैश्विक प्रणाली का हिस्सा है। थर्मोहेलाइन सर्कुलेशन के बारे में ये प्रारंभिक चेतावनीपूर्ण संकेत पहले भी बताए जा चुके हैं, लेकिन अब उन्नत सांख्यिकीय तरीकों के विकास से यह भविष्यवाणी करना संभव हो गया है कि समुद्री धारा कब बंद होगी। लेकिन नए अध्ययन से जुड़े विज्ञानियों का कहना है है कि गहरे समुद्र की वृत्ताकार धाराओं के कारण होने वाला वेंटिलेशन (वायु संचार) समुद्रों को स्थिर होने से रोकने में मदद कर सकता है। अतः महत्वपूर्ण समुद्री धारा के बंद होने की भविष्यवाणी से दुनिया को फिलहाल विचलित होने की जरूरत नहीं है।

**मुकुल व्यास**

## जीवन मंत्र

# माइंड को डिटॉक्स करने के टिप्स

भागदौड़ भरी जिंदगी से कुछ समय के लिए विराम लें। कुछ देर के लिए बिल्कुल कुछ न करें। यह दिमाग को थकावट से बचाने और मेंटल हेल्थ को सुधारने का तरीका है।

**ख्यालों को लिखें**

दिमाग में चल रही उलझनों को कागज पर उतारें। इससे यह समझने में मदद मिलेगी कि कौन सी बातें जरूरी हैं और कौन सी नहीं। यह आदत आपके विचारों को स्पष्ट और व्यवस्थित करने में सहायक होगी।

**खुशी की जगह पर समय बिताएं**

अपने लिए थोड़ा समय निकालें और ऐसी जगह जाएं जो आपको सुकून दे—जैसे गार्डन, बीच, या घर का कोई कोना। वहां रिलैक्स होकर वो काम करें जो आपको खुशी देता हो।

**रैट रेस से ब्रेक लें**

भागदौड़ भरी जिंदगी से कुछ समय के लिए विराम लें। कुछ देर के लिए बिल्कुल कुछ न करें। यह दिमाग को थकावट से बचाने और मेंटल हेल्थ को सुधारने का तरीका है।

फोन और सोशल मीडिया से दूरीः

रिफ्रेश होने के लिए फोन और नोटिफिकेशन से दूरी बनाएं। वर्चुअल वर्ल्ड से ब्रेक लेने पर



माइंड रिलैक्स महसूस करेगा।

**सेहत की जिम्मेदारी खुद उठाएं:**

एक्सरसाइज और अच्छा खानपान अपनाएं। अपनी फिटनेस के लिए खुद पहल करें। यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगा।

**काम को प्राथमिकता दें**

रोजाना के कामों की लिस्ट बनाएं और तय करें कि कौन सा काम पहले करना है। इससे अनावश्यक हड़बड़ी और प्रेशर से बचा जा सकेगा।

**निष्कर्ष**

इन आसान टिप्स को अपनाकर आप अपने माइंड को डिटॉक्स कर सकते हैं और मानसिक शांति के साथ एक नई ऊर्जा महसूस कर सकते हैं।

## शख्सियत | व्लादिमीर सोलोविओव

### एक रूसी दार्शनिक, धर्मशास्त्री, कवि, लेखक और साहित्यिक आलोचक



व्लादिमीर सर्गेयेविच सोलोविओव ने 19वीं सदी के अंत में रूसी दर्शन और कविता के विकास और 20वीं सदी की शुरुआत में आध्यात्मिक पुनर्जागरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 1880 के दशक में वी. सोलोविओव व्लादिमीर सोलोविओव का जन्म मास्को में हुआ था।

व्लादिमीर सोलोविओव का जन्म 16 जनवरी 1853 को हुआ था। अपनी किशोरावस्था में, उन्होंने शून्यवाद के लिए पूर्वी रूढ़िवाद को त्याग दिया, लेकिन बाद में प्रत्यक्षवाद की उनकी अस्वीकृति की आवश्यकता] ने उन्हें कुछ ऐसे विचार व्यक्त करने शुरू कर दिए जो रूढ़िवादी चर्च के विचारों के अनुरूप थे। 1869 से 1873 तक सोलोविएव ने इंपीरियल मॉस्को विश्वविद्यालय में अध्ययन किया, जहाँ उनके दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर पामफिल युर्केविच थे।

सोलोविओव ने कभी शादी नहीं की और न ही उनके कोई बच्चे थे, लेकिन उन्होंने अपने आध्यात्मिक प्रेम-कविता में अमर आदर्श रिश्तों को अपनाया, जिसमें सोफिया नाम की दो महिलाएं भी शामिल थीं।उन्होंने ईसाई रहस्यवादी अन्ना निकोलायेवना श्मिट के प्रस्तावों को ठुकरा दिया, जिन्होंने दावा किया था कि वे उनकी दिव्य साथी हैं। अपने बाद के वर्षों में, सोलोविओव शाकाहारी बन गए, लेकिन कभी-कभी मछली खाते थे। वह अक्सर बिना किसी नौकर के महीनों तक अकेले रहते थे और रात में भी काम करते थे। अपनी 1874 की रचना द क्राइसिस ऑफ वेस्टर्न फिलॉसफीः अगेंस्ट द पॉजिटिविस्ट् में, सोलोविएव ने प्रत्यक्षवादियों द्वारा अरस्तू के अनिवार्यवाद, या दार्शनिक यथार्थवाद को अस्वीकार करने को बदनाम किया। अगेंस्ट द पॉजिटिविस्ट्स में उन्होंने सहज ज्ञान युक्त समझ, या अंतर्दृष्टि का स्थान लिया। उन्होंने चेतना को अभिन्न के रूप में देखा । सोलोविएव के अनुसार, प्रत्यक्षवाद केवल किसी वस्तु की घटना को मान्य करता है, उस सहज वास्तविकता को नकारता है जिसे लोग अपने जीवन के हिस्से के रूप में अनुभव करते हैं चूंकि सोलोविओव का मूल दर्शन इस विचार पर आधारित है कि किसी वस्तु का सार केवल अंतर्ज्ञान द्वारा मान्य किया जा सकता है और चेतना एक एकल जैविक संपूर्ण के रूप में आंशिक रूप से कारण या तर्क द्वारा लेकिन पूर्णता में (गैर-द्वैतवादी) अंतर्ज्ञान द्वारा की जाती है। सोलोविओव आंशिक रूप से जर्मन आदर्शवाद में पाए जाने वाले द्वैतवाद को समेटने का प्रयास कर रहे थे।

## जीवन ऊर्जा

शरत चंद्र चट्टोपाध्यायः निधन- 16 जनवरी 1938 | देहावसान

# सतीत्व ही नारीत्व नहीं होता

'शरतचंद्र' बांग्ला के उन श्रेष्ठ साहित्यकारों में से हैं जिन्होंने बांग्ला साहित्य की धारा को बिल्कुल नई दिशा दी। बांग्ला साहित्य में जितनी जल्दी शरतचंद्र को ख्याति मिली, उतनी जल्दी शायद ही किसी और साहित्यकार को मिली हो। 'देवदास', 'परिणीता' जैसी सुपरहिट फ़िल्में शरतचंद्र के उपन्यासों पर ही आधारित थीं! उन्होंने अपने कथा साहित्य से केवल बंगाल के समाज के सामने ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण भारतीय समाज के सामने स्त्री जीवन से सम्बंधित विभिन्न प्रश्नों को सजगता के साथ उखेर के रख दिया था।

जब तक स्त्री को समाज में पूर्ण मुक्ति और समान अधिकार नहीं मिल जाता तब तक देश का उत्थान नहीं होने वाला। जिस चेष्टा, जिस आयोजन में देश की लड़कियों का हाथ नहीं है, सहानुभूति नहीं है, उन्हें घर के कोने में बंद कर, केवल चरखा कातने के लिए बाध्य करके इतनी बड़ी वस्तु को प्राप्त नहीं किया जा सकता। लड़कियों को हम लोगों ने केवल लड़की बना रखा है, आदमी नहीं बनने दिया है। उसका प्रायश्चित स्वराज्य के पहले देश को करना ही चाहिए। अपने स्वार्थ की खातिर जिस देश ने जिस दिन से केवल उसके सतीत्व को ही बड़ा करके देखा है, उसके मनुष्यत्व का कोई



ख्याल नहीं किया, उसे उसका क़र्ज़ पहले चुकाना ही होगा। हम देख रहे हैं कि नवतारा में हृदय है, प्राण है, साहस है और सबसे बड़ा धर्मज्ञान है। देश-सेवा में, हम इसी को यथेष्ट मानते हैं, लेकिन आप जिसको सतीत्व कहते हैं, उसकी रक्षा करने की उनको सुविधा मिलेगी या नहीं, यह तो वे ही जानती हैं। महिलाओं की स्वतंत्रताऽ, ऽमहिलाओं की आजादीऽ आजकल हर किसी की जुबान पर है, लेकिन ये जुबान पर ही रहते हैं और आगे नहीं बढ़ते। जानते हो क्यों? मैंने पाया है कि स्वतंत्रता न तो सैद्धांतिक तर्कों से प्राप्त की जा सकती है, न ही न्याय और नैतिकता की दलील देकर, न ही पुरुषों के साथ एक बैठक में सामूहिक झगड़ा करके। यह ऐसी चीज है जो कोई किसी को नहीं दे सकता - यह कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे किसी को देना पड़े या जिसका भुगतान किया जाए। ...आप आसानी से समझ सकते हैं कि यह अपने आप ही आती है - अपनी खुद की पूर्ति के माध्यम से, अपनी आत्मा के विस्तार से।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# व्रत या उपवास के प्रकार एवं उनके महत्व

(भाग 2)

1. प्रातः उपवास- इस उपवास में सिर्फ सुबह का नाश्ता नहीं करना होता है और पूरे दिन और रात में सिर्फ 2 बार ही भोजन करना होता है।

2. अद्धोपवास- इस उपवास को शाम का उपवास भी कहा जाता है और इस उपवास में सिर्फ पूरे दिन में एक ही बार भोजन करना होता है। इस उपवास के दौरान रात का भोजन नहीं खाया जाता।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**


वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।

मो. नं. 9425980556

3.एकाहारो उपवास- एकाहारो उपवास में एक समय के भोजन में सिर्फ एक ही चीज खाई जाती है, जैसे सुबह के समय अगर रोटी खाई जाए तो शाम को सिर्फ सब्जी खाई जाती है। दूसरे दिन सुबह को एक तरह का कोई फल और शाम को सिर्फ दूध आदि।

4.रसोपवास- इस उपवास में अन्न तथा फल जैसे ज्यादा भारी पदार्थ नहीं खाए जाते, सिर्फ रसदार फलों के रस अथवा साग-सब्जियों के जूस पर ही रहा जाता है। दूध पीना भी मना होता है, क्योंकि दूध की गणना भी ठोस पदार्थों में की जा सकती है।

5.फलोपवास- कुछ दिनों तक सिर्फ रसदार फलों या भाजी आदि पर रहना फलोपवास कहलाता है। अगर फल बिलकुल ही अनुकूल न पड़ते



हो तो सिर्फ पकी हुई साग-सब्जियां खानी चाहिए।

6. दुग्धोपवास- दुग्धोपवास को 'दुग्ध कल्प' के नाम से भी जाना जाता है। इस उपवास में सिर्फ कुछ दिनों तक दिन में 4-5 बार सिर्फ दूध ही पीना होता है।

7.तक्रोपवास- तक्रोपवास को 'मठाकल्प' भी कहा जाता है। इस उपवास में जो मठा लिया जाए, उसमें घी कम होना चाहिए और वो खट्टा भी कम ही होना चाहिए। इस उपवास को कम से कम 2 महीने तक आराम से किया जा सकता है।

8.पूर्णोपवास- बिलकुल साफ-सुथरे ताजे पानी के अलावा किसी और चीज को बिलकुल न खाना पूर्णोपवास कहलाता है। इस उपवास में उपवास से संबंधित बहुत सारे नियमों का पालन करना होता है।

9.साप्ताहिक उपवास- पूरे सप्ताह में सिर्फ एक पूर्णोपवास नियम से करना साप्ताहिक उपवास कहलाता है।

10. लघु उपवास- 3 से लेकर 7 दिनों तक के पूर्णोपवास को लघु उपवास कहते हैं।

11.कठोर उपवास- जिन लोगों को बहुत भयानक रोग होते हैं यह उपवास उनके लिए बहुत लाभकारी होता है। इस उपवास में पूर्णोपवास के सारे नियमों को सख्ती से निभाना पड़ता है।

12.टूटे उपवास- इस उपवास में 2 से 7 दिनों तक पूर्णोपवास करने के बाद कुछ दिनों तक हल्के प्राकृतिक भोजन पर रहकर दोबारा उतने ही दिनों का उपवास करना होता है। उपवास रखने का और हल्का भोजन करने का यह क्रम तब तक चलता रहता है, जब तक कि इस उपवास को करने का मकसद पूरा न हो जाए।

13. दीर्घ उपवास- दीर्घ उपवास में पूर्णोपवास बहुत दिनों तक करना होता है जिसके लिए कोई निश्चित समय पहले से ही निर्धारित नहीं होता। इसमें 21 से लेकर 50-60 दिन भी लग सकते हैं। अक्सर यह उपवास तभी तोड़ा जाता है, जब स्वाभाविक भूख लगने लगती है अथवा शरीर के सारे जहरीले पदार्थ पचने के बाद जब शरीर के जरूरी अवयवों के पचने की नौबत आ जाने की संभावना हो जाती है।

## अपने विचार

'यदि आप यह समझ रहे हैं कि हम भाजपा और आरएसएस जैसे राजनीतिक संगठनों से लड़ रहे हैं तो यह गलत है। इन दोनों ने देश के हर संस्थान पर कब्जा कर लिया है। अब हम भाजपा, आरएसएस और इंडियन स्टेट से भी लड़ रहे हैं।'




**-राहुल गांधी,** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष

प्लीज उन्हें साध्वी का टाइटल न दिया जाए। मैंने साध्वी के लिए कोई भी संस्कार नहीं किया है, न इसके लिए कोई दीक्षा ली है। मैंने सिर्फ गुरु दीक्षा और मंत्र दीक्षा ली है, इसलिए मुझे साध्वी कहना गलत है।



**-हर्षा रिछारिया**, मॉडल और एंकर

RSS यानी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के 'सच्ची स्वतंत्रता' वाले बयान की निंदा करते हुए बुधवार को कहा कि यदि वह इसी तरह का बयान देते रहे तो देश में उनका घूमना-फिरना मुश्किल हो जाएगा।



**-मल्लिकार्जुन खरगे**, कांग्रेस अध्यक्ष

राहुल गांधी ने स्पष्ट कर दिया है कि वे भारत से लड़ रहे हैं। ये लोग भारत को और कमजोर करना चाहते हैं। जेपी नड्डा ने कहा, कांग्रेस का गंदा सच उनके नेता ने ही उजागर कर दिया है।



**-जेपी नड्डा**, बीजेपी अध्यक्ष

**अपने विचार**

**डीबीडी कार्यालय**

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर मनपा आयुक्त सौरभ राव

धर्मेंद्र उपाध्याय | ठाणे

घोड़बंदर रोड के नागरिकों की समस्याओं को हल करने के लिए मनपा आयुक्त सौरभ राव ने तटस्थ दृष्टिकोण अपनाया है। उन्होंने यातायात की समस्या का स्थायी समाधान निकालने और अन्य मुद्दों पर तेजी से कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। आयुक्त ने कहा कि शहर की सीमा के बाहर से आने वाले भारी वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था और यातायात को सुगम बनाने के लिए व्यापक चर्चा के बाद उचित निर्णय लिया जाएगा। खतरनाक पेड़ों की छंटाई, नालों की सफाई और कचरे की समस्या जैसे मुद्दों पर प्राथमिकता के साथ काम किया जाएगा।



### बैठक का उद्देश्य और विषय

आयुक्त के कार्यालय में आयोजित इस बैठक में 'जस्टिस फॉर घोड़बंदर रोड' फोरम के प्रतिनिधियों, अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे, सिटी इंजीनियर प्रशांत सोनाग्रा, यातायात पुलिस, मनपा, मेट्रो, एमएमआरडीए और सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी शामिल हुए। आयुक्त ने कहा कि यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए 100 अतिरिक्त प्रशिक्षित वार्डनों की तैनाती की जाएगी। यातायात पुलिस और वार्डनों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए भी योजना बनाई जा रही है। मानसून से पहले घोड़बंदर रोड पर खतरनाक पेड़ों की छंटाई और नालों की सफाई जैसे कार्य जनवरी के अंत तक शुरू किए जाएंगे। नागरिकों द्वारा कचरा फेंकने की समस्या पर चर्चा करते हुए, बैठक में सुझाव दिया गया कि जुर्माने की नीति लागू की जाए ताकि लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हों।

### अन्य उपाय और कार्ययोजना

आयुक्त ने लेन मार्किंग, दिशा सूचक संकेत, डिवाइडर, और जेब्रा क्रॉसिंग को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। जहां रात में अतिरिक्त रोशनी की जरूरत है, वहां रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। सड़क किनारे खड़े लावारिस वाहनों को तत्काल हटाने के लिए आरटीओ से संपर्क किया जाएगा।

# स्व. परशुराम टावरे स्टेडियम की दुरुस्तीकरण की मांग तेज

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

शहर के एकमात्र स्व. परशुराम टावरे स्टेडियम की खस्ता हालत को लेकर यूनिक स्पोर्ट्स क्लब और अन्य स्पोर्ट्स संगठनों ने दुरुस्तीकरण की मांग की है। क्लब ने स्टेडियम की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए 16 फरवरी 2025 को यहां होने वाले क्रिकेट मैच की तैयारियों को लेकर पत्रकार परिषद आयोजित की।



### स्टेडियम की दुर्दशा

यूनिक स्पोर्ट्स क्लब के महासचिव अबुझर खान ने बताया कि स्टेडियम के पत्रे जगह-जगह से टूट चुके हैं और मिट्टी की कमी के कारण मैदान की स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने भिवंडी महानगरपालिका पर आरोप लगाया कि पिछले 25 वर्षों में स्टेडियम पर कोई खर्च नहीं किया गया है, जबकि खेल के लिए अलग से निधि उपलब्ध होती है। अबुझर खान ने कहा कि महानगरपालिका ने स्टेडियम को केवल इवेंट्स और मेले के आयोजन का साधन बना रखा है। इसके चलते स्टेडियम में खेलने वाले बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से स्टेडियम की तुरंत मरम्मत कराने और इसे खिलाड़ियों के लिए बेहतर बनाने की अपील की। 16 फरवरी को आयोजित होने वाले क्रिकेट मैच की योजना यूनिक स्पोर्ट्स क्लब के साथ बी.टी.सी.ए, रियल स्पोर्ट्स क्लब, मोमिन स्पोर्ट्स, अंजुमन स्पोर्ट्स, और वी. चालेंजर्स जैसे संगठनों की सहभागिता से बनाई गई है। स्टेडियम की दुरुस्तीकरण के लिए जागरूक नागरिकों से आगे आने और महानगरपालिका पर दबाव बनाने की अपील की गई है।

पश्चिम रेलवे का 69वां रेलवे सप्ताह समारोह

# उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 92 कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे ने बुधवार, 15 जनवरी 2025 को मुंबई के यशवंतराव चव्हाण ऑडिटोरियम में 69वें रेलवे सप्ताह समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट और सराहनीय सेवाओं के लिए 92 अधिकारियों और कर्मचारियों को 'विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार' (वीआरएसपी) प्रदान किया।



### दीप प्रज्ज्वलन

समारोह का शुभारंभ महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र और पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन (WRWWO) की अध्यक्षा क्षमा मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। महाप्रबंधक ने पुरस्कार विजेताओं को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया। हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय रेलवे सप्ताह समारोह में, पश्चिम रेलवे को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (AVRSP) 2024 में 8 व्यक्तिगत पुरस्कार प्राप्त हुए, जिनके लिए संबंधित कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।

### महाप्रबंधक का संबोधन

अपने संबोधन में मिश्र ने सभी विजेताओं को बधाई दी और संगठनात्मक लक्ष्यों को हासिल करने में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने पश्चिम रेलवे की हाल की उपलब्धियों को रेखांकित किया और कर्मचारियों को रेलवे एवं राष्ट्र की प्रगति के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया। समारोह में पश्चिम रेलवे के अपर महाप्रबंधक प्रकाश बुटानी, प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक, मुख्य कारखाना प्रबंधक, और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। WRWWO की अध्यक्षा क्षमा मिश्र भी विशेष रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं। पश्चिम रेलवे के प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि उप महाप्रबंधक (सामान्य) ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# नागपुर रेलवे स्टेशनः सेवा, धरोहर और प्रगति के 100 साल

डीबीडी संवाददाता | नागपुर



भारतीय रेलवे का प्रमुख केंद्र और धरोहर का प्रतीक नागपुर रेलवे स्टेशन अपनी सेवा के 100 गौरवशाली वर्ष पूरे कर चुका है। 15 जनवरी 1925 को इसे तत्कालीन सेंट्रल प्रोविंस के गवर्नर सर फ्रैंक स्लाई द्वारा उद्घाटित किया गया था। तब से यह स्टेशन ऐतिहासिक महत्व और आधुनिकता का अनोखा संगम प्रस्तुत कर रहा है।

### इतिहास और महत्व

1867 में नागपुर में पहली बार रेलवे की शुरुआत हुई थी। 1920 में इसे ₹नागपुर जंक्शन₹ का नाम दिया गया और इसी वर्ष महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन के दौरान यहां कदम रखा। वर्तमान स्टेशन भवन 1925 में उद्घाटित हुआ और तब से यह भारत के परिवहन इतिहास में एक स्थायी विरासत का प्रतीक बना हुआ है। स्टेशन देश के हावड़ा-मुंबई और दिल्ली-चेन्नई गलियारों के संगम पर स्थित है। इसका प्रसिद्ध डायमंड क्रॉसिंग इसे देश के विभिन्न हिस्सों से जोड़ता है। यह स्टेशन भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्त केंद्रों में से एक है, जहां प्रतिदिन औसतन 283 ट्रेनों का संचालन होता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में यहां से 2.36 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की, और यह संख्या बढ़कर अब 68,729 यात्रियों प्रतिदिन हो चुकी है। स्टेशन अब 488 करोड़ की पुनर्विकास परियोजना के तहत एक बड़े बदलाव की ओर बढ़ रहा है। दिसंबर 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस परियोजना की शुरुआत की थी। इसमें रूफ प्लाजा, मल्टीमॉडल इंटीग्रेशन, और पर्यावरण-अनुकूल सुविधाओं को शामिल किया जा रहा है। पुनर्विकास के साथ-साथ नागपुर ने वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत का भी स्वागत किया, जो स्टेशन के नवाचार और प्रगति का प्रतीक है। अपने 100 वर्षों की सेवा का जश्न मनाते हुए नागपुर रेलवे स्टेशन, भारतीय रेल नेटवर्क का एक मजबूत स्तंभ बना रहेगा।

# भावना एच. भेदा का 26वां वर्षः

डीबीडी संवाददाता | सांताक्रुज

भावना एच. भेदा अपने 26वें वर्ष का जश्न 8D रंगोली 'श्री आदिशक्ति नवदुर्गा' की भव्य प्रदर्शनी के साथ मना रही हैं। यह वर्णन मां आदि शक्ति और उनके दिव्य स्वरूपों की महिमा को गहराई से उजागर करता है। नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना और उनकी प्रेरणादायक कथाओं को एक अनूठे तरीके से प्रस्तुत करना न केवल उनकी करुणा और शक्ति का सम्मान करता है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को भी जीवंत करता है।

8D रंगोली के माध्यम से मां के इन स्वरूपों को सजीव रूप में उकेरना एक अत्यंत सुंदर और कलात्मक प्रयास है। यह रंगों के माध्यम से उन दिव्य गुणों का अभिव्यक्तिकरण है जो मां के विभिन्न स्वरूपों के माध्यम से हमें प्रेरित करते हैं। यह न केवल एक धार्मिक अनुभव है, बल्कि हमारी परंपराओं और कलात्मक दृष्टि को भी सशक्त बनाता है। यह अनोखी कला प्रदर्शनी दर्शकों के लिए एक अद्भुत अनुभव लेकर आएगी। इस रंगोली की मुख्य विशेषताएँ इस प्रकार है।इस रंगोली की आकार 9 फुट x 12 फुट है, इसकी प्रदर्शनी : 5 जनवरी से 19 जनवरी 2025 तक रहेगी।इस प्रदर्शनी का समय दोपहर 3 बजे से रात 11 बजे तक रहेगी।यह रंगोली विजुअल इफेक्ट्स जैसे 3D ग्लास और UV इफेक्ट्स के साथ शानदार दृश्य में दिखाई देगा।ब्लैकआउट और विभिन्न रोशनियों के साथ साउंड शो और साथ में ही 1200 से अधिक शेड्स का उपयोग करके इसे और शानदार बनाया गया है। इस रंगोली को तैयार करने में 23 दिन लगे हैं।

यह रंगोली न केवल कला का अद्भुत नमूना है, बल्कि इसे देखना एक अनूठा अनुभव होगा।

भावना भेदा की अनूठी रंगोली 3 बार लिम्का बुक में नाम दर्जकर चुकी है। भावना एच. भेदा ने अकेले अपने दम पर यह रंगोली बनाई है।भावना भेदा को अमेज़िंग बुक ऑफ रिकॉर्ड्स,यूनिक बुक ऑफ रिकॉर्ड्स,कच्छ शक्ति अवार्ड और कला गौरव अवार्ड मिल चुका है।

इस रंगोली की विशेषता यह है कि यह रंगोली सभी के लिए निःशुल्क खुली है। कोई भी आकर इस अद्वितीय कला का आनंद ले सकता है। इस रंगोली का प्रदर्शन इस स्थान पर है-

**पताः**
ए/4, चंदनमहल, 11वां गोलिबर रोड,
वी. एन. देसाई अस्पताल के पास,
सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई - 55

8D रंगोली 'श्री आदिशक्ति नवदुर्गा'




## मध्य रेल टाटा मुंबई मैराथन 2025 के लिए २ विशेष उपनगरीय ट्रेन सेवाएं चलाएगा



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल टाटा मुंबई मैराथन 2025 के प्रतिभागियों के लाभ एवं सुविधा के लिए दिनांक 19.01.2025 (रविवार) को 2 विशेष उपनगरीय ट्रेन सेवाएं चलाएगा। मेन लाइन पर कल्याण-सीएसएमटी विशेष ट्रेन कल्याण से 03.00 बजे प्रस्थान करेगी और सीएसएमटी मुंबई 04.30 बजे पहुंचेगी। हार्बर लाइन पर पनवेल-सीएसएमटी विशेष ट्रेन पनवेल से 03.10 बजे प्रस्थान करेगी और सीएसएमटी मुंबई 04.30 बजे पहुंचेगी। ये दोनों विशेष ट्रेनें रास्ते में सभी स्टेशनों पर रुकेंगी।

# सफाई कर्मचारियों के लिए कार्यशाला आयोजित

## शहर की स्वच्छता पर दिया गया जोर

सुशील सिंह | कल्याण

शहर की स्वच्छता और उसकी छवि सुधारने के उद्देश्य से महापालिका के अतिरिक्त आयुक्त हर्षल गायकवाड ने आचार्य अत्रे रंगमंदिर में सफाई कर्मचारियों के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में सफाई कर्मचारियों को ₹सफाई-मित्र₹ के रूप में संबोधित करते हुए गायकवाड ने स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ₹शहर की स्वच्छता उसकी पहचान बनती है, और इसे बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है।₹ गायकवाड ने सफाई कर्मचारियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश भी दिए। घनकचरा प्रबंधन विभाग के उपआयुक्त अतुल पाटील ने कार्यशाला के उद्देश्य को समझाते हुए कहा कि अच्छे स्वास्थ्य से ही बेहतर काम संभव है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को मिले ज्ञान को अमल में लाने की अपील की।



### 800 सफाई कर्मचारियों को प्रशिक्षण

दिव्य स्वप्न फाउंडेशन द्वारा अब तक डोंबिवली के 800 सफाई कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसी कड़ी में अब कल्याण के सफाई कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। कार्यशाला के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सफाई कर्मचारियों को अतिरिक्त आयुक्त गायकवाड और अन्य अधिकारियों द्वारा प्रशस्तिपत्र और सुरक्षा उपकरण प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में घनकचरा प्रबंधन विभाग की सहायक आयुक्त प्रीति गाडे, मुख्य स्वच्छता अधिकारी वसंत देगलूरकर समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# केडीएमसी का मराठी भाषा संवर्धन पंधरवड़ा का आयोजन

डीबीडी संवाददाता | कल्याण

राज्य सरकार के निर्देशानुसार, कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका 14 से 28 जनवरी 2025 तक ₹मराठी भाषा संवर्धन पंधरवड़ा₹ का आयोजन कर रही है। इस दौरान मराठी भाषा के संवर्धन और जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पंधरवड़े का उद्घाटन 17 जनवरी 2025 को शाम 6:00 बजे डोंबिवली (पूर्व) के गांवदेवी उद्यान में होगा। महापालिका आयुक्त की उपस्थिति में 27 महाविद्यालयों के विद्यार्थी मराठी भाषा के महत्व पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। पंधरवड़े का समापन 28 जनवरी 2025 को शाम 6:00 बजे कल्याण (पश्चिम) के सिटी पार्क में होगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। 21 जनवरी 2025 को महापालिका कर्मचारियों के लिए गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 20 से 24 जनवरी 2025 के बीच प्रश्नमंजूषा प्रतियोगिता, 22 जनवरी 2025 को शुद्ध लेखन एवं मराठी हस्ताक्षर प्रतियोगिता, और 20 से 26 जनवरी 2025 के बीच चारोळी प्रतियोगिता जैसे कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। महापालिका के स्कूल के विद्यार्थियों के लिए 20 से 25 जनवरी 2025 के बीच मराठी निबंध प्रतियोगिता, कहावतें और वाक्प्रचार जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

# अनिल बोरनारे को राज्य सलाहकार परिषद में नियुक्ति

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर



शहीद वीर भाई कोतवाल स्मारक समिति, उल्हासनगर-4 के सचिव और शिक्षक नेता अनिल बोरनारे को राज्य सरकार द्वारा गठित राज्य सलाहकार परिषद₹ में शामिल किया गया है। यह नियुक्ति मुफ्त शिक्षा और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के तहत की गई है।

### भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी के निमंत्रित सदस्य भी हैं बोरनारे

अनिल बोरनारे, जो भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी के निमंत्रित सदस्य भी हैं, आरटीई के तहत आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के बच्चों को निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने की प्रक्रिया का संचालन करेंगे। इसके साथ ही वे स्कूलों में आरटीई प्रवेश प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं और शिकायतों का समाधान करेंगे और शिक्षकों व शैक्षणिक समस्याओं पर भी कार्य करेंगे। इस अवसर पर स्मारक समिति के अध्यक्ष मनोज कोरडे ने अनिल बोरनारे को शाल, पुष्पगुच्छ और अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में समिति के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। धनार्जन सुगम होगा।

**वृष** — व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है।

**मिथुन** — प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क** — आज रोमांस में समय व्यतीत होगा। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें।

**सिंह** — व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कन्या** — आपको आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**तुला** — धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से बचें। शत्रु शांत रहेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृश्चिक** — व्यापार में पार्टनर का आर्थिक सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। संतान को नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है।

**धनु** — परिवारसंग पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी।

**मकर** — कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें।


**कुंभ** — आज आपको प्रेम संबंधों में सफलता मिलेगी। व्यापार में जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है।

**मीन** — आज पुरानी प्रॉपर्टी बेचकर भूमि, भवन, दुकान या फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। नौकरी वर्ग को रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है।

# शादी चलेगी या नहीं।

शादी होना और शादी चलना यह दो अलग अलग बात है, कई बार ऐसी स्थिति पति-पत्नी के बीच बन जाती है कि शादी का रिश्ता टूटने की स्थिति में आ जाता है और बात तलाक आदि तक पहुँच जाती है।आज इसी विषय पर बात करते हैं यदि पति-पत्नी के बीच दूरियां हो गई है तो क्या शादी सही होकर चल पाएगी या नही और कैसे ठीक होगी?? शादी में पति-पत्नी के बीच तब ही दूरियां बनती है मतलब अलग होने जैसी स्थितियां या तलाक आदि जैसी स्थितियां बनती है। जब कुंडली का सातवाँ भाव(शादी भाव) और इसका स्वामी आदि पाप/अशुभ ग्रहों जैसे शनि राहु केतु मंगल/छठे आठवे बारहवे भाव स्वामियों या अस्त होकर बैठे अशुभ ग्रहों से दूषित होता है।तब इन पाप और अशुभ ग्रहों का 7वे भाव या 7वे भाव स्वामी या 7वे भाव-7वे भाव स्वामी दोनों पर इनका अशुभ प्रभाव पड़ता है लेकिन यदि सातवे भाव की स्थिति कही न कही शुभ और बलवान हुई, शुभ और अनुकूल ग्रहों का प्रभाव सातवे भाव/सातवे भाव स्वामी पर हुआ मतलब शादी चलने की स्थिति कुंडली मे है तो जो ग्रह वैवाहिक जीवन मे दिक्कत कर रहे है उनके उपाय करने के बाद शादी सही चलने लगती है और वैवाहिक जीवन सुखमय होने लगेगा। अब इस बात को उदाहरणो से समझते है कि शादी कैसी चल पाएगी, कैसे वैवाहिक जीवन मे दूरियां आदि होने पर वैवाहिक जीवन सुख से चल पाएगा।



प्रियंका जैन
9769994439

**उदाहरण_अनुसार_मेष_लग्नः-**

मेष लग्न में सातवें भाव का स्वामी शुक्र बनता है अब शुक्र के साथ राहु बैठा हो और कही न कही राहु या अन्य किसी पाप ग्रह जैसे शनि मंगल या केतु में से किसी का प्रभाव हो या तब शादी के बाद पति पत्नी में दूरियां जैसी स्थितिया ,वैवाहिक जीवन मे परेशानियां जैसी स्थितियां बनेगी, लेकिन अब विवाह स्वामी शुक्र यहां भाग्य स्वामी शुभ ग्रह बृहस्पति के साथ हो और गुरु की दृष्टि भी 7वे भाव पर पड़े तब शादी उपाय करने से ठीक हो जाएगी, परेशानियां जो भी विवाह सम्बन्धी होगी खत्म हो जाएगी दिक्कत करने वाले ग्रहों के शांति के उपाय करने से।



**10 देशों के प्रतिनिधि शामिल**

इस अंतर्राष्ट्रीय दल में फिजी, फिनलैंड, गयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद एंड टोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधि शामिल हैं।

# दस देशों का 21 सदस्यीय दल पवित्र संगम में लगाएगा आस्था की डुबकी

एजेंसी । प्रयागराज

योगी सरकार द्वारा भव्य और दिव्य महाकुम्भ का आयोजन अब पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को 10 देशों का 21 सदस्यीय दल संगम में पवित्र डुबकी लगाएगा। विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के एक्सटर्नल पब्लिसिटी एंड पब्लिक डिप्लोमेसी डिवीजन द्वारा आमंत्रित 10 देशों का 21 सदस्यीय दल बुधवार को पहुंच रहा है। इस दल के आवास की व्यवस्था अरैल क्षेत्र स्थित टेंट सिटी में की गई है, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा निर्मित किया गया है।

### महाकुम्भ क्षेत्र का करेंगे हवाई भ्रमण

बुधवार को दल के महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भ्रमण का कार्यक्रम है। शाम 5:00 बजे से 6:30 बजे तक हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया है, जिसमें दल के सदस्य प्रयागराज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का अनुभव करेंगे। रात में टेंट सिटी में रात्रि भोजन और विश्राम की व्यवस्था की गई है। अंतर्राष्ट्रीय दल गुरुवार, 16 जनवरी को सुबह 8:00 बजे त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाएगा। इसके बाद नाश्ते के पश्चात 9:30 बजे दल के सदस्यों को हेलीकॉप्टर से महाकुम्भ क्षेत्र का हवाई अनुभव कराया जाएगा। भ्रमण कार्यक्रम दोपहर 1:30 बजे समाप्त होगा और दल एयरपोर्ट के लिए रवाना होगा।

### युद्धस्तर पर सफाई अभियान जारी

पौष पूर्णिमा स्नान पर्व और मकर संक्रांति के अमृत स्नान के बाद महाकुम्भ क्षेत्र को स्वच्छ करने के लिए बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान शुरू कर दिया गया है। घाटों पर गंदगी को तेजी से साफ किया जा रहा है। सफाई कर्मी लगातार घाटों पर तैनात हैं और हर प्रकार की गंदगी को हटाने का कार्य जारी है। वहीं, शौचालयों में भी स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने इस बार महाकुम्भ को स्वच्छ महाकुम्भ के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में इस बार स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया है। विगत दो दिनों में महाकुम्भ में पांच करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान किया है, जिसके बाद मेला प्रशासन ने स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

### मुख्यमंत्री ने की महाकुम्भ के तीन दिनों की व्यवस्थाओं की समीक्षा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर 8-10 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान की संभावना के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाये जाने के निर्देश दिए हैं। शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बीते 03 दिनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के दो प्रमुख स्नान पर्वों पर 06 करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर 8-10 करोड़ लोगों के आगमन की संभावना है। ऐसे में व्यवस्थाओं को और बेहतर करने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि रेलवे के साथ संवाद बनाकर महाकुम्भ स्पेशन ट्रेनों का समयबद्ध आवागमन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि नियमित और विशेष ट्रेनों का संचालन लगातार किया जाता रहे। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए इनकी संख्या को बढ़ाया जाना चाहिए।

# 31 लाख की अवैध शराब जब्त

### दो तस्कर हुए गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने बुधवार को ट्रक में छुपाकर ले जाई जा रही 31 लाख रूपए की हरियाणा मार्का अवैध शराब पकड़ी है। मौके से दो शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। बरामद शराब बिहार तस्करी हेतु जा रही थी।

### हरियाणा से बिहार में ले जाकर सप्लाई का था प्लान

अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा जनपद में अवैध शराब की तस्करी करने वाले तस्करों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी रसूलपुर अनुज कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे तभी उन्होंने सूचना पर ट्रक में छुपाकर बिहार ले जा रहे मैकडॉवेल्स हरियाणा मार्का अवैध अंग्रेजी शराब सहित दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों ने अपने नाम राशिद उर्फ ढप्पा पुत्र स्व. जुम्मा निवासी ग्राम बीवन थाना फिरोजपुर झिरका जनपद नूह हरियाणा व जुबैर पुत्र आसू उर्फ आस मोहम्मद निवासी ग्राम बीवन थाना फिरोजपुर झिरका जिला नूह हरियाणा बताए है। दोनों के कब्जे से ट्रक नम्बर यूपी 78 जीएन 8283 में छुपाकर ले जा रहे कुल 255 पेटी हरियाणा मार्का की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। एएसपी ने बताया कि बरामद अनुमानित कीमत करीब 31 लाख रूपये है। अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया की वह अपने ट्रक में अवैध अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का को छिपाकर बिहार में ले जाकर सप्लाई करते हैं। इससे उनको अच्छे धन की कमाई होती है।

## महायोगी गोरखनाथ विवि में बनेगा एक हजार की क्षमता का गर्ल्स हॉस्टल



**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की सुविधा के लिए एक हजार की क्षमता का गर्ल्स हॉस्टल बनेगा। इसके निर्माण कार्य का भूमि पूजन बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह और कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने किया। वैदिक मंत्रोच्चार बीच भूमि पूजन करने के बाद कुलपति ने कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने अपने कुलाधिपति एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में अकादमिक प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर है। यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर भी विश्व स्तरीय स्वरूप में विकसित हो रहा है। इसी क्रम में यहां एक हजार छात्राओं की आवासीय क्षमता वाले हॉस्टल का निर्माण किया जा रहा है।



# हुक्का-बार में दरिंदगी

### किशोरी को बंधक बना तीन लोगों ने किया दुष्कर्म

**गोरखपुर।** गोरखपुर के रामगढ़ताल क्षेत्र में किराये के मकान में रहने वाली किशोरी को हुक्का बार में बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने हुक्का बार व होटल फ्लाई इन के संचालक अनिरुद्ध ओझा, उसके दोस्त निखिल गौड़ और आदित्य मौर्या को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों पर पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया था, पकड़े जाने पर सामूहिक दुष्कर्म व पॉक्सो की धारा बढ़ाते हुए जेल भिजवा दिया। जानकारी के मुताबिक, बांसगांव इलाके की रहने वाली महिला अपने 12 वर्षीय बेटी को लेकर किराये के मकान में रामगढ़ताल इलाके में रहती हैं। बेटी स्कूल आती जाती थी। 31 दिसंबर की शाम चार बजे के करीब उसकी दो सहेलियां स्कूटी से आईं और फिर साथ लेकर चली गईं।

# मकर संक्रांति पर हुआ कंबल वितरण एवं वृक्षारोपण

## सामाजिक एकता और सदभावना हमारी सांस्कृतिक धरोहर : पंकज मिश्र

**रानीगंज।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर दरियापुर कोर्ट, पूरेगोसाई गांव में सामाजिक एकता एवं सद्भावना अभियान के अंतर्गत कंबल वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता पंकज मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित लोगों को मकर संक्रांति और महाकुंभ की बधाई देते हुए सामाजिक एकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज में कुछ दूषित मानसिकता के लोग ही जाति-पाति की खाई तैयार कर रहे हैं। केंद्र व प्रदेश की सरकार भी भेदभाव से हटकर समाज के चहुमुखी विकास में लगी हुई है। सामान्य जनमानस आज भी सामाजिक एकता के बंधन में बंधा हुआ है। ग्रामीण अंचल का कोई भी आयोजन इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि हम सब एक दूसरे के प्रति स्नेह और सहयोग का भाव रखते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील किया कि सब अपनी कर्मठता अनुसार एक दूसरे का सहयोग करते रहें।

### लोगों को सामाजिक रूप से एकजुट रहने की अपील



पं. रामानंद ओझा ने अपने संबोधन में मकर संक्रांति पर दान के महत्व को बताया। आजाद पंडित जी ने भी लोगों को सामाजिक रूप से एकजुट रहने की अपील की। कैप्टन दिवाकर पांडेय ने पंकज मिश्रा के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों लोगों को कंबल प्रदान किया गया। इसके पूर्व पंकज मिश्रा द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। पं. सीताराम तिवारी, वेदप्रकाश गौतम, प्रधान मुजम्मिल हुसैन, बृजेश यादव, ने अपने विचार रखें।कार्यक्रम में बिरहा गायक विनोद लहरी, हरिशंकर तिवारी, रविंद्रधर द्विवेदी, प्रदीप त्रिपाठी, रामचंद्र त्रिपाठी, मो. सगीर खान, विजय मोहन यादव, गोपीनाथ गौतम, सौरभ, बाबा तिवारी सहित लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन सूरज त्रिपाठी एवं संचालन आशीष तिवारी ने किया।

## व्यापार जगत

# घटकर 38.01 अरब डॉलर रहा देश का वस्तु निर्यात

### निर्यात में एक फीसदी की गिरावट, व्यापार घाटा घटकर 22 अरब डॉलर



एजेंसी । नई दिल्ली

देश की इकोनॉमी को लेकर अच्छी खबर नहीं है. सरकार की ओर से एक्सपोर्ट और इंपोर्ट के आंकड़े जारी किए हैं, वो बेहद डराने वाले हैं. इस डाटा की वजह से रुपए में और भी गिरावट देखने को मिल सकती है और शेयर बाजार को भी नुकसान हो सकता है. सरकारी के आंकड़ों के अनुसार दिसंबर के महीने जहां देश एक्सपोर्ट एक फीसदी से ज्यादा कम हो गया है. दूसरी ओर इंपोर्ट में करीब 5 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है. इसका मतलब है कि भारत के ट्रेड डेफिसिट में इजाफा और भी बढ़ गया है, जो देश की इकोनॉमी के लिए अच्छे संकेत नहीं है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर सरकार की ओर से एक्सपोर्ट और इंपोर्ट के आंकड़े किस तरह के जारी किए हैं।

### निर्यात में गिरावट

भले ही नवंबर महीने के मुकाबले दिसंबर में देश के वस्तुओं के एक्सपोर्ट में इजाफा देखने को मिला हो, लेकिन बीते वर्ष की समान अवधि के मुकाबले में गिरावट देखने को मिली है. सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश का वस्तु निर्यात दिसंबर, 2024 में सालाना आधार पर करीब एक फीसदी घटकर 38.01 अरब डॉलर रह गया. दिसंबर, 2023 में यह आंकड़ा 38.39 अरब डॉलर रहा था. अगर बात नवंबर महीने की करें तो भारत का वस्तुओं का एक्सपोर्ट 32.11 बिलियन डॉलर देखा गया था, जो नवंबर 2023 में 33.75 बिलियन डॉलर से कम था।

### इंपोर्ट में भी बढ़ोतरी

वहीं दूसरी ओर इंपोर्ट की बात करें तो भारत के इंपोर्ट में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है. बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर, 2024 में इंपोर्ट सालाना आधार पर 4.8 फीसदी बढ़कर 59.95 अरब डॉलर हो गया. दिसंबर, 2023 में यह 57.15 अरब डॉलर रहा था. राहत की बात ये है कि नवंबर 2024 के मुकाबले में ये आंकड़ा काफी कम है. नवंबर के महीने में भारत का इंपोर्ट 69.95 बिलियन डॉलर देखने को मिला था. जोकि नवंबर 2023 के मुकाबले में 27.47 फीसदी ज्यादा था।

### व्यापार घाटे में इजाफा

इसका मतलब है कि दिसंबर के एक्सपोर्ट और इंपोर्ट में काफी अंतर देखने को मिल रहा है. आंकड़ों के अनुसार दिसंबर के महीने में व्यापार घाटा यानी आयात व निर्यात के बीच का अंतर 21.94 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है. मौजूदा वित्त वर्ष की बात करें तो आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-दिसंबर अवधि में निर्यात 1.6 फीसदी बढ़कर 321.71 अरब डॉलर और इंपोर्ट 5.15 फीसदी बढ़कर 532.48 अरब डॉलर रहा है. इसका मतलब है कि ट्रेड डेफिसिट मौजूदा वित्त वर्ष में 210.77 अरब डॉलर देखने को मिल रहा है।

# मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

### सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी । नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि आज तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच लगातार खींचतान चलती रही। इस खींचतान की वजह से शेयर बाजार कुछ देर के लिए लाल निशान में भी पहुंचा, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली करके उसे दोबारा हरे निशान में पहुंचा दिया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.29 प्रतिशत और निफ्टी 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।



### इंफ्रास्ट्रक्चर, पीएसई और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी

दिनभर के कारोबार के दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर, पीएसई और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह आईटी, मेटल, एनर्जी, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल फार्मास्यूटिकल, ऑयल एंड गैस और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर लिवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

### निवेशकों को 1 दिन के कारोबार से 1.18 लाख करोड़ का मुनाफा

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 424.41 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 423.23 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.18 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

### टॉप 5 गेनर्स और लूजर्स

पूरे दिन के कारोबार में हुई खरीद-बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ट्रेंट लिमिटेड 3.72 प्रतिशत, एनटीपीसी 3.53 प्रतिशत, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 2.89 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा 2.23 प्रतिशत और मारुति सुजुकी 1.76 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.93 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 2.44 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 2.36 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 2.15 प्रतिशत और श्रीराम फाइनेंस 2 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

### बीएसई में 4,064 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग

दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,064 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,150 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,806 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 108 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,515 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,371 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,144 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर बढ़त के साथ और 11 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में बंद हुए।



# रुपए की कीमत में सुधार

### 28 पैसे की रिकवरी के साथ 86.36 के स्तर पर बंद हुई भारतीय मुद्रा

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ समय से डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोरी दिख रहा रुपया आज 28 पैसे की मजबूती के साथ 86.36 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ। माना जा रहा है कि डॉलर इंडेक्स में आई गिरावट और अमेरिका के 10 ईयर ट्रेजरी यील्ड की कमजोरी के कारण भारतीय मुद्रा रुपये की कीमत में डॉलर की तुलना में लगातार दूसरे सत्र में तेजी की स्थिति बनी है।

### अमेरिकी डॉलर का रुख नरम

मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार अमेरिकी इक्विटी मार्केट में गिरावट और कच्चे तेल की कीमत में आई नरमी से भी रुपये को सहारा मिला है। इसके साथ ही अमेरिका में प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स (पीपीआई) में आई कमजोरी के कारण भी अमेरिकी डॉलर का रुख नरम हुआ है। बताया जा रहा है कि रुपये की स्थिति में आज और भी सुधार हो सकता था, लेकिन घरेलू शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली के कारण रुपये की बढ़त पर अंकुश लग गया।

- रोजर फेडरर का रिकॉर्ड किया ध्वस्त
- ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे राउंड में बनाई जगह

" ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट हमारे खेल के मजबूत स्तंभ हैं। इस खेल के इतिहास में वह बहुत मायने रखते हैं। मैं भाग्यशाली हूं कि आज एक और रिकॉर्ड बनाने में सफल रहा।
– नोवाक जोकोविच

# नोवाक जोकोविच ने रचा नया इतिहास



एजेंसी । मेलबर्न

दुनिया के महान दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के नाम बुधवार को एक और उपलब्धि दर्ज हो गई। ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर के मैच में कोर्ट पर उतरते ही वह ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। महिला वर्ग में नाओमी ओसाका तीन साल में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के तीसरे दौर में पहुंचीं।

### फेडरर को पछाड़ा

जोकोविच चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 430 मैच खेल चुके हैं जो रिकॉर्ड है। उन्होंने यहां पहले दौर में रोजर फेडरर (429) की बराबरी की थी। जोकोविच ने दूसरे दौर में पुर्तगाल के क्वालीफायर जेमी फरिया को 6-1, 6-7, 6-3, 6-2 से हराया। जोकोविच ग्रैंड स्लैम में 379 मैच जीते हैं जबकि 51 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

- 430 मैच अभी तक चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेल चुके नोवाक
- 379 मैच जोकोविच ने जीते, 51 मैच में हार का सामना करना पड़ा

### ओसाका ने हिसाब चुकाया

महिला एकल में दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन ओसाका 2022 के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के तीसरे दौर में पहुंची हैं। उन्होंने यूएस ओपन की सेमीफाइनलिस्ट करोलिना मुचोवा के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद 1-6, 6-1, 6-3 से जीत हासिल की और पिछले साल यूएस ओपन की हार का बदला भी ले लिया। इस बीच लौरा सीगमंड ने ओलंपिक चैंपियन और पिछले साल की उप विजेता झेंग किनवेन को पराजित करके बड़ा उलटफेर किया।

### लगातार 16वीं जीत

पिछले दो बार की चैंपियन सबालेंका ने आखिरी पांच गेम जीत विश्व की 54वें नंबर की जेसिका बौजास मनेइरो को 6-3, 7-5 से हराकर खिताबी हैट्रिक की ओर कदम बढ़ाए। वह इस टूर्नामेंट में लगातार 16 मैच जीत चुकी हैं। सातवीं वरीय जेसिका पेगुला भी तीसरे दौर में पहुंच गई हैं। उन्होंने एलिस मर्टेंस पर 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में 14वीं वरीय 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा ने मोयुका उचिजिमा को 6-4, 3-6, 7-6 से हराया।

### युकी-ओलिवेटी की जोड़ी पहले दौर में बाहर

भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी टूर्नामेंट के पुरुष युगल के पहले दौर में वाइल्डकार्ड से प्रवेश पाने वाले ट्रिस्टन स्कूलकेट और एडम वाल्टन की स्थानीय जोड़ी से हारकर बाहर हो गए। युकी-ओलिवेटी ने एक घंटे 20 मिनट में पुरुष युगल मैच में कई गलतियां कीं जिसका खामियाजा उन्हें 2-6, 6-7 से हार से चुकाना पड़ा। मंगलवार को पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके कोलंबियाई जोड़ीदार निकोलस बैरिएंटोस भी पहले दौर में बाहर हो गए थे।

# आयरलैंड को 304 रनों से हराकर भारत ने रचा इतिहास

एजेंसी । राजकोट

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को 304 रनों से हराते हुए 3-0 से सीरीज पर कब्जा कर लिया। इस मुकाबले में टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 ओवर में 5 विकेट पर 435 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो भारतीय महिला टीम का एकदिवसीय क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर है।

### भारतीय बल्लेबाजी का जलवा

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने धमाकेदार शुरुआत दी। मंधाना ने महज 80 गेंदों में 135 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 12 चौके और 7 छक्के शामिल थे। यह महिला वनडे में किसी भारतीय खिलाड़ी का सबसे तेज शतक है। प्रतिका रावल ने 129 गेंदों पर 154 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 20 चौके और 1 छक्का शामिल था। मंधाना और प्रतिका ने पहले विकेट के लिए 233 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी की। ऋचा घोष ने 42 गेंदों में 59 रन बनाए, जबकि तेजल हसबनिस (28) और हरलीन देओल (15) ने उपयोगी योगदान दिया।

### सीरीज 3-0 से की अपने नाम



### रिकॉर्ड और उपलब्धियां

- 435 रन भारतीय महिला टीम का वनडे में सर्वोच्च स्कोर है
- यह महिला वनडे क्रिकेट में ओवरऑल चौथा सर्वोच्च स्कोर है
- स्मृति मंधाना ने सबसे तेज शतक बनाकर हरमनप्रीत का रिकॉर्ड तोड़ा
- प्रतिका रावल को 'मैन

ऑफ द मैच' और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का खिताब मिलाचौथा सर्वोच्च स्कोर है

- स्मृति मंधाना ने सबसे तेज शतक बनाकर हरमनप्रीत कौर का रिकॉर्ड तोड़ा
- प्रतिका रावल को 'मैन ऑफ द मैच' और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का खिताब मिला

### आयरलैंड की पारी ध्वस्त

436 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की टीम 31.4 ओवर में 131 रन पर सिमट गई। कप्तान गैबी लुईस और कोल्टर रीली जल्दी आउट हो गईं। सारा फोर्ब्स (41) और ओर्ला प्रेंडरगास्ट (36) ने कुछ देर तक संघर्ष किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने उन्हें टिकने नहीं दिया। दीप्ति शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए।

# ऑस्ट्रेलिया की ब्रिजेट कॉट्रिल को ब्रिसबेन ओलंपिक में खो-खो के शामिल होने की उम्मीद

एजेंसी । नई दिल्ली



दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में चल रहे पहले खो-खो विश्व कप ने खेल प्रेमियों के बीच उत्साह की लहर दौड़ा दी है। 23 देशों के खिलाड़ियों की 20 पुरुष और 19 महिला टीमों ने इस वैश्विक आयोजन में भाग लिया है। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की उप कप्तान ब्रिजेट कॉट्रिल ने इस आयोजन का हिस्सा बनकर खुशी जताई और उम्मीद जाहिर की कि खो-खो को 2032 में ब्रिसबेन में होने वाले ओलंपिक खेलों में जगह मिलेगी।

# उद्घाटन समारोह के लिए पाक जा सकते हैं रोहित शर्मा

एजेंसी । लाहौर

चैंपियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 16 या 17 फरवरी को आयोजित किया जाएगा और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को उम्मीद है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इसमें शिरकत करेंगे। हालांकि भारत टूर्नामेंट में अपने मुकाबले तटस्थ मैदानों में खेलेगा।

पीसीबी सूत्र ने बताया कि उसे कप्तानों के फोटो शूट और टूर्नामेंट से पहले प्रेस कांफ्रेंस के कार्यक्रम के लिए आईसीसी




से सूचना का इंतजार है। आठ टीमों का टूर्नामेंट 19 फरवरी से कराची में शुरू होगा। सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान नहीं जा रही भारतीय टीम अपने मैच दुबई में खेलेगी। भारत को अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलना है। एक अन्य सूत्र ने कहा कि पीसीबी ने आईसीसी से साफतौर पर कहा है कि उद्घाटन समारोह पाकिस्तान में होगा। सूत्र ने कहा, यह आईसीसी टूर्नामेंट में आम प्रोटोकॉल है कि पहला मैच 19 फरवरी को है तो उद्घाटन समारोह 16 या 17 को होगा।

### वीजा की मंजूरी

सूत्र ने कहा, पीसीबी को सभी कप्तानों, खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के वीजा के लिए सरकार से मंजूरी मिल गई है। इसमें रोहित या अन्य कोई भी भारतीय खिलाड़ी या अधिकारी शामिल है। पाकिस्तान 29 साल के बाद किसी प्रमुख आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले उसने भारत और श्रीलंका के साथ 1996 में विश्व कप की संयुक्त मेजबानी की थी।

# फॉरेस्ट ने लिवरपूल को फिर चौंकाया

एजेंसी । लंदन

नॉटिंघम फॉरेस्ट ने लिवरपूल के खिलाफ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष पर चल रही इस टीम के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। क्रिस वुड के आठवें मिनट में फॉरेस्ट को बढ़त दिला दी। पर डिओगो जोटा ने 66वें मिनट में गोल किया जिससे लिवरपूल एक



अंक लेने में सफल रहा। लिवरपूल को सत्र में 20 मैच में एक बार हार का सामना करना पड़ा है। वह सितंबर में फ़ॉरेस्ट के घरेलू मैदान पर 1-0 से हारा था।

# हंपी नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में लेगी भाग



एजेंसी । स्टवांगर

मौजूदा विश्व रैपिड शतरंज चैंपियन और भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हंपी मई में नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में भाग लेंगी। वर्तमान में महिलाओं के क्लासिकल शतरंज में विश्व में छठे नंबर की खिलाड़ी हंपी का लक्ष्य इस प्रतिष्ठित शतरंज टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ना है। हंपी 2002 में ग्रैंडमास्टर बनने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बनी थी। दो बार 2019 और 2024 में विश्व रैपिड चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली हंपी नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में वापसी करने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में खेलना सम्मान की बात है। नॉर्वे शतरंज के संस्थापक और टूर्नामेंट निदेशक केजेल मैडलैंड ने कहा, हंपी की उपलब्धियां काफी कुछ बयां करती हैं। हम नॉर्वे शतरंज महिला 2025 में उनकी वापसी का स्वागत करते हुए खुश हैं।

# 38वें राष्ट्रीय खेलों में 1200 विशिष्ट खेल स्वयंसेवक भी होंगे तैनात

- करीब 2300 सामान्य स्वयंसेवकों का अलग से किया जा रहा चयन

एजेंसी । देहरादून



राष्ट्रीय खेलों में सामान्य स्वयंसेवकों के अलावा 1200 विशिष्ट खेल स्वयंसेवकों की तैनाती भी की जाएगी। नेशनल फेडरेशन स्पोर्ट्स ऑफ इंडिया माध्यम से उत्तराखंड को यह स्वयंसेवक उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तराखंड पूरी तरह से तैयार है।

### 38वें संस्करण की मेजबानी

उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों के 38वें संस्करण की मेजबानी कर रहा है। यह आयोजन 28 जनवरी से शुरू होने जा रहा है। तमाम तरह की व्यवस्थाओं को बनाने के लिए दो तरह के स्वयंसेवक अपना योगदान करेंगे। उत्तराखंड अपने स्तर से भी करीब 2300 सामान्य स्वयंसेवकों को चयनित करने जा रहा है। विशिष्ट खेल स्वयंसेवक इनसे अलग होंगे। हालांकि सामान्य स्वयंसेवकों के साथ ही इन्हें भी व्यवहार और शिष्टाचार की ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी। इसमें से सामान्य स्वयंसेवकों की भर्ती की प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है। 30 हजार से ज्यादा लोगों ने स्वयंसेवक बनने के लिए पंजीकरण किया है।




# जॉबर्ग सुपर किंग्स और प्रिटोरिया कैपिटल्स ने जीत दर्ज की

एजेंसी । डरबन

जॉबर्ग सुपर किंग्स और प्रिटोरिया कैपिटल्स ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में क्रमशः डरबन सुपर जाइंट्स और सनराइजर्स ईस्टर्न केप पर जीत हासिल की। सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 169 रन बनाए। जवाब में क्विंटन डिकॉक की 55 रन की पारी के बावजूद सुपर जॉइंट्स 18 ओवर में 141 रन पर आउट हो गई। तबरेज शम्सी, डोनोवन फरेरा और इमरान ताहिर की स्पिन तिकड़ी ने पांच विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई। सेंचुरियन में सनराइजर्स का टीम टॉस हारकर 113 रन पर सिमट गई। मार्को यानसेन ने 35 गेंद पर 51 रन बनाए। फिर कैपिटल्स ने 16 ओवर में चार विकेट पर 115 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

### मुंबई के मैदानों से

# जयदीप सेठी की जीत

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

जयदीप सेठी ने उत्स्व सिंघल को 11-5, 11-4, 11-0 से पराजित करके ओट्टर्स क्लब पर खेले जा रहे अवाडा ओट्टर्स स्क्वैश ओपन 2025 स्पर्धा में पुरुष वर्ग में शानदार जीत दर्ज की। इसके अलावा जमाल शकीब ने जय भाटिया को 11-1, 11-4, 11-1 से, अंशुल गोयल ने गिडॉन सॉयरस को 11-6, 11-2, 11-6 से, राजु शिंगवा ने तनय कदम को 11-8, 11-6, 12-10 से और अविनाश साहनी ने दृश शाह को 11-3, 11-2, 11-4 से हराते हुए प्रतियोगिता के अगले दौर में जगह बनाई।

# घुड़दौड़: प्रिस्टाईन ग्लोरी बेहतर

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महालक्ष्मी रेसकोर्स पर गुरुवार को छह दौड़ों का कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य दौड़ वाय एम चौधरी मिलियन में कार्तिक गणपति द्वारा प्रशिक्षित प्रिस्टाईन ग्लोरी के जीत के अवसर हैं। पहली दौड़ दोपहर 2.30 बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैं। 1- शैम्पेन स्माईल (प्र.), गोल्डन गूज (द्वि.), 2- फॉस्ट एप्रोच (प्र.), क्रेडेन्स (द्वि.), 3- मोईतो (प्र.), रॉस्पुटिन (द्वि.), 4- प्रिस्टाईन ग्लोरी (प्र.), ओलिवर (द्वि.), 5- मदुसा (प्र.), डेजर्ट क्लॉसिक (द्वि.), 6- फ्लैशमेन (प्र.), बलेनो (द्वि.), दिन का सर्वोत्तमः प्रस्टाईन ग्लोरी।

# 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' का नया कमाल

सिनेमा की दुनिया के प्रतिष्ठति 78वें BAFTA (ब्रिटिश एकेडमी फिल्म अवॉर्ड्स) में नामांकन पाने वालों का ऐलान हो गया है। भारत के लिए भी यह पुरस्कार समारोह इस साल बेहद खास है, क्योंकि BAFTA 2025 की लॉन्ग लिस्ट में पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' को भी जगह मिली थी। अब इस फिल्म ने नामांकन भी हासिल कर लिया है, वहीं भारत से देव पटेल भी नामांकन पाकर एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं।



### 3 अलग-अलग श्रेणियों में शॉर्टलिस्ट हुई थी फिल्म

BAFTA जनवरी में आगामी 2025 BAFTA फिल्म पुरस्कारों की लंबी सूची जारी की थी। इसमें 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' को सर्वश्रेष्ठ गैर-अंग्रेजी भाषा की फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (कपाड़िया को शॉर्टलिस्ट किया गया है) और ओरिजनल स्क्रीनप्ले जैसी 3 श्रेणियों में शॉर्टलिस्ट किया गया था। ओरिजनल स्क्रीनप्ले और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक की श्रेणी में तो यह नामांकन पाने से चूक गई, लेकिन सर्वश्रेष्ठ गैर-अंग्रेजी भाषा की फिल्म में नामांकन पाकर इसने फिर भारत का नाम दुनियाभर में रोशन कर दिया है।

पिछले साल संध्या सूरी की हिंदी फिल्म 'संतोष' को ब्रिटेन की आधिकारिक एंट्री के तौर पर ऑस्कर भेजा गया था। शहाणा गोस्वामी और सुनीता रजवार अभिनीत इस फिल्म को BAFTA अवॉर्ड्स 2025 में आउटस्टैंडिग डेब्यू बाय ए ब्रिटिश राइटर, डायरेक्टर या प्रोड्यूसर की श्रेणी में नामांकन मिला है। उधर फिल्म 'मंकी मैन' के लिए अभिनेता देव पटेल और 'सिस्टर मिडनाइट' के लिए भारतीय निर्देशक करण कंधारी को इसी श्रेणी में नामित किया गया है।

# हार्ट अटैक से एक्टर सुदीप पांडे का निधन

भोजपुरी की कई फिल्मों में उम्दा अभिनय करने वाले एक्टर सुदीप पांडे के निधन की खबर है। परिवार के अनुसार हार्ट अटैक पड़ने के कारण बुधवार सुबह 11 बजे उनका निधन हुआ है। कुछ दिनों पहले वह अपनी एक अपकमिंग फिल्म की शूटिंग में भी व्यस्त थे। सुदीप के निधन के बाद उनके एक दोस्त का कहना है कि वह काफी मुश्किल वक्त से गुजर रहे थे। दोस्त के अनुसार सुदीप का फिल्मी करियर अच्छा नहीं चल रहा था। सुदीप ने एक हिंदी फिल्म 'विक्टर' बनाई थी जिसमें काफी पैसे डूब गए। साथ ही सुदीप का दांपत्य जीवन भी काफी तनाव के दौर से गुजर रहा था। बिहार विधान सभा चुनाव के वक्त एक्टर ने एनसीपी ज्वाइन की थी और पार्टी में उसे कोई पद भी मिला था।

### शोक में भोजपुरी इंडस्ट्री




### सुदीप ने की ये भोजपुरी फिल्में

सुदीप पांडे ने करियर की शुरुआत 2007 में भोजपुरी फिल्म 'भोजपुरिया भईया' से की, उन्होंने इस फिल्म को प्रोड्यूस भी किया। इसके अलावा उन्होंने 'भोजपुरिया दरोगा', 'मसीहा बाबू', 'हमार संगी बजरंगबली' और 'हमार ललकार' जैसी कई फिल्में की थीं।

# प्रियंका चोपड़ा को मिला पति निक जोनास का साथ

बॉलीवुड से हॉलीवुड तक अपने अभिनय का परचम लहराने वाली अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म 'हॉलिडे' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म का दर्शक काफी समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ताजा खबर यह है कि फिल्म 'हॉलिडे' के लिए प्रियंका को अपने पति और अमेरिकन गायक निक जोनास का साथ मिल गया है। इतना ही नहीं, फिल्म प्रियंका के साथ उनके दोनों देवर जो जोनास और केविन जोनास भी नजर आएंगे।



### डिज्नी+ हॉटस्टार पर दस्तक देगी फिल्म

हाल ही में प्रियंका को निक और उनके भाईयों के साथ 'हॉलिडे' के सेट पर देखा गया था। इसकी शूटिंग टोरंटो में शुरू हो चुकी है। यह फिल्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर दस्तक दे सकती है। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। प्रियंका, निक और उनके भाइयों के अलावा इसमें जोनास के सबसे छोटे भाई फ्रेंकी जोनास भी शामिल होंगे। इससे पहले निक 'स्क्रीम क्वींस', 'किंगडम' और 'जुमांजी : वेलकम टू द जंगल' जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### दिल्ली चुनाव के लिए BJP ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है । इस सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं। इस सूची में सांसद हेमा मालिनी, मनोज तिवारी और रवि किशन शामिल हैं।

### कर्नाटक हाईकोर्ट ने लोकायुक्त को जांच जारी रखने का दिया आदेश

**बंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने बुधवार को लोकायुक्त को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से जुड़ी मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) साइट आवंटन अनियमितताओं की जांच जारी रखने की अनुमति दे दी। अदालत ने निर्देश दिया कि जांच की निगरानी पुलिस महानिरीक्षक, लोकायुक्त द्वारा की जाए। इसके साथ ही उन्होंने भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी को अब तक की अपनी जांच के विस्तृत रिकॉर्ड दाखिल करने का निर्देश दिया। यह निर्देश मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए जारी किया गया था।

### काशी-तमिल संगमम-3 का 15 फरवरी से होगा आगाज


**नई दिल्ली।** वर्ष 2022 और 2023 की तरह इस बार भी केंद्र सरकार उत्तर और दक्षिण भारत के सांस्कृतिक-भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करने की मंशा से काशी-तमिल संगमम का आयोजन करने जा रही है। काशी से गहरा संबंध रखने वाले तमिल भाषा के जनक कहे जाने वाले महर्षि अगस्त्य को समर्पित काशी-तमिल संगमम का तीसरा संस्करण 15 फरवरी से 24 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा, जिसके पंजीयन के लिए आईआईटी मद्रास का पोर्टल बुधवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लॉन्च किया। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि काशी-तमिल संगमम का शुभारंभ 15 फरवरी, 2025 को वाराणसी में होगा। इसके लिए एक फरवरी तक पंजीकरण आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मौलिक विचारो की उपज है।

### सीबीएसई ने गठित की समिति, बनाएगी अभिभावकों के लिए कैलेंडर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने गुरुवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अभिभावकों से जुड़े कैलेंडर तैयार करने के लिए एक समिति का गठन किया है। एक नोटिफिकेशन के अनुसार सीबीएसई ने सत्र 2025-26 के लिए अभिभावक कैलेंडर को विकसित करने और लागू करने के उद्देश्य से 10 सदस्य समिति का गठन किया है। समिति की सिफारिशें प्रस्तुत करने की समय सीमा 15 मार्च 2025 है। इसका उद्देश्य प्रभावी अभिभावक-शिक्षक बातचीत को सुविधाजनक बनाना है। किशोरों, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) और प्रारंभिक/मध्य आयु समूहों सहित विविध छात्र आवश्यकताओं का समर्थन करना है।

# राज्यों को 'सुप्रीम' फटकार, अवमानना की चेतावनी

## भ्रामक विज्ञापनों पर कार्रवाई में फेल रहने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त



**एजेंसी । नई दिल्ली**

भ्रामक विज्ञापनों और चिकित्सा दावों को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त है। शीर्ष कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापनों और चिकित्सा दावों के खिलाफ कार्रवाई में फेल साबित होने वाले राज्यों को शीर्ष कोर्ट ने फटकार लगाई है। साथ ही ऐसे राज्यों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की चेतावनी भी दी है।

### आईएमए की याचिका पर सुनवाई

पीठ आधुनिक (एलोपैथिक) चिकित्सा को टारगेट करने वाले भ्रामक दावों और विज्ञापनों के संबंध में भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पिछले वर्ष मई में शीर्ष अदालत ने सभी राज्य सरकारों व केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि वे अपने लाइसेंसिंग अथॉरिटी के हलफनामे दाखिल करें, जिसमें ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954, ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 का उल्लंघन करने वाले भ्रामक विज्ञापनों के संबंध में 2018 से उनके द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में बताया जाए। 30 जुलाई, 2024 को अदालत ने सभी राज्य सरकारों व केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि वे कानून के अनुपालन के लिए दंड और निवारक लगाने में अपनी निष्क्रियता के बारे में बताएं। न्याय मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता शादान फरासत ने बुधवार को सुनवाई के दौरान इस बात पर प्रकाश डाला कि ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 की धारा 3 और 4 के तहत उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ अभियोजन ही एकमात्र उपाय है। हालांकि राज्यों के हलफनामों से पता चलता है कि प्रवर्तन में कमी है और कोई अभियोजन नहीं चलाया जा रहा है।

### आईएमए के पूर्व अध्यक्ष आरवी अशोकन को राहत

इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष आरवी अशोकन को बड़ी राहत भी दी है। अदालत ने साक्षात्कार में शीर्ष अदालत पर टिप्पणियों को लेकर उनके खिलाफ शुरू की गई अवमानना कार्यवाही को बंद कर दिया है। पीठ ने पूर्व आईएमए अध्यक्ष के हलफनामे के साथ दी गई माफी को स्वीकार कर लिया और निर्णय लिया कि आगे कोई कार्रवाई आवश्यक नहीं है। जस्टिस अभय ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा, हम यह स्पष्ट करते हैं कि किसी भी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश की ओर से गैर-अनुपालन पाए जाने पर संबंधित राज्यों के खिलाफ अदालत की अवमानना अधिनियम, 1971 के तहत कार्यवाही शुरू करनी पड़ सकती है।

# 'झुक गया फेसबुक'

## मार्क जुकरबर्ग के चुनाव वाले बयान पर मेटा ने मांगी माफी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा ने अपने मालिक मार्क जुकरबर्ग के बयान पर भारत से माफी मांगी है। यह माफी मेटा इंडिया की ओर से मांगी गई है। मार्क जुकरबर्ग ने कहा था कि कोविड-19 के बाद दुनियाभर की सरकारों से लोगों का भरोसा हिल गया और इसलिए उनकी हार हुई। इसी बयान में जुकरबर्ग ने भारत का भी नाम लिया जिसपर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी। भारत की एक पार्लियामेंट्री कमिटी ने मंगलवार को ऐलान किया था कि वह मेटा के अधिकारियों को समन करेगी। हालांकि, समन से पहले ही मेटा ने माफी मांग ली है।



### क्या कहा था जुकरबर्ग ने ?

जुकरबर्ग ने पॉडकास्ट में कहा था, "संयुक्त राज्य अमेरिका में बहुत से लोग इसे एक अमेरिकी घटना के रूप में देखते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि कोविड की प्रतिक्रिया ने दुनिया भर में कई सरकारों में विश्वास की कमी पैदा की, क्योंकि 2024 दुनिया भर में एक बड़ा चुनावी वर्ष था और आप जानते हैं कि भारत जैसे कई देशों में चुनाव हुए और मौजूदा सरकारें, मूल रूप से हर एक में हार गईं।" मेटा प्रमुख के इस बयान पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी प्रतिक्रिया दी और इसे "गलत जानकारी" करार देते हुए तथ्य और विश्वसनीयता बनाए रखने का आह्वान किया।

### क्या कहा है मेटा ने?

मेटा के पब्लिक पॉलिसी के वाइस प्रेसिडेंट, शिवनाथ ठुकराल ने अश्विनी वैष्णव के पोस्ट पर जवाब देते हुए लिखा, "आदरणीय मंत्री अश्विनी वैष्णव जी, मार्क जुकरबर्ग का यह कहना कि 2024 के चुनावों में कई देशों में सत्ताधारी पार्टियां फिर से नहीं चुनी गईं, कई देशों के लिए सही है, लेकिन भारत के लिए नहीं। हम इस अनजाने में हुई गलती के लिए माफी मांगते हैं। भारत मेटा के लिए बेहद महत्वपूर्ण देश है और हम इसके इनोवेशन से भरे भविष्य का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं।"

### निशिकांत दुबे ने समन की कही था बात

जुकरबर्ग के बयान के बाद बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने एक एक्स पोस्ट में लिखा कि वह मेटा को समन भेजेंगे और इस प्लेटफॉर्म को भारत की संसद से माफी मांगने के लिए बुलाएंगे। दुबे ने लिखा था, "मेरी समिति मेटा को इस गलत जानकारी के लिए तलब करेगी।" उन्होंने कहा था, "किसी भी लोकतांत्रिक देश में गलत जानकारी देश की छवि को धूमिल करती है। उस संगठन को भारतीय संसद और यहां के लोगों से इस गलती के लिए माफी मांगनी होगी।" जुकरबर्ग की यह टिप्पणी जो रोगन एक्सपीरियंस पॉडकास्ट के एक एपिसोड के दौरान आई थी।

## अमित शाह आज कई परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण



**एजेंसी । वडनगर**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 16 जनवरी, 2025 को मेहसाणा जिले के वडनगर शहर में सैकड़ों करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। पुरातत्व अनुभव संग्रहालय, प्रेरणा संकुल और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसे विकास कार्यों के साकार होने से वडनगर आने वाले पर्यटकों को एक नया अनुभव मिलेगा।

गुजरात के प्राचीनतम जीवंत शहर वडनगर का इतिहास बहुत ही भव्य है। 2500 से अधिक वर्षों से लगातार आबाद रहने वाला यह शहर सात अलग-अलग राजवंशों के अधीन रहा है। वडनगर प्रमुख व्यापारिक मार्ग पर स्थित होने के कारण हिंदू, बौद्ध, जैन और इस्लाम धर्मों के संगम का एक जीवंत केंद्र था। यह शहर सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों का अनमोल खजाना है। अपनी तमाम ऐतिहासिक खूबियों के बावजूद अनजान सा रहा वडनगर उस वक्त देश और दुनिया के नक्शे पर चमक उठा, जब यहां की मिट्टी में पैदा हुए नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वडनगर के ऐतिहासिक महत्व और पर्यटन संभावनाओं को देखते हुए इससे जुड़ी परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रेरित किया।

# बीजेपी प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## चुनाव अधिकारी के आदेश पर दिल्ली पुलिस ने लिया एक्शन

### 'वोटर्स' को पहनाया था जूता

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा उम्मीदवार प्रवेश साहिब सिंह वर्मा जूता विवाद में फंस गए हैं। चुनाव अधिकारी ने उन्हें आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए मतदाताओं को जूते बांटने का दोषी मानते हुए पुलिस को उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। जिसे लेकर प्रवेश वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।



### चुनाव आयोग की सख्ती और अगली कार्रवाई

चुनाव आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस को तत्काल जांच और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है और किसी भी उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जूता विवाद के बाद यह देखना होगा कि इस मामले का असर प्रवेश वर्मा और भाजपा की छवि पर कितना पड़ता है। विपक्ष इसे मुद्दा बनाकर चुनावी रैलियों में उछाल सकता है। वहीं, पुलिस की जांच रिपोर्ट के आधार पर कानूनी कार्रवाई भी तय होगी।

### आम आदमी पार्टी ने की सख्त कार्रवाई की मांग

इस घटना को लेकर आम आदमी पार्टी (AAP) ने भाजपा पर निशाना साधा। AAP का कहना है कि यह केवल जूते बांटने तक सीमित नहीं है। इससे पहले भी प्रवेश वर्मा पर पैसे, चश्मे और अन्य उपहार बांटने के आरोप लगाए गए हैं। पार्टी ने चुनाव आयोग से इस मामले में तुरंत और सख्त कार्रवाई की मांग की।

### शिकायत के आधार पर FIR का आदेश

चुनाव अधिकारी ने SHO, मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन को लिखी अपनी चिट्ठी में शिकायत का हवाला दिया। शिकायतकर्ता एडवोकेट डॉ. रजनीश भास्कर ने आरोप लगाया कि प्रवेश वर्मा ने वाल्मीकि मंदिर के परिसर में महिलाओं को जूते बांटे और उन्हें पहनाया। शिकायत में दो वीडियो साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए गए हैं, जो कथित तौर पर इस घटना की पुष्टि करते हैं। चुनाव अधिकारी ने अपने पत्र में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 123 (1) (ए) का हवाला दिया, जिसमें चुनावी लाभ के लिए उपहार बांटना भ्रष्ट आचरण माना गया है।

### प्रवेश वर्मा का बयान और नामांकन प्रक्रिया

इस विवाद के बावजूद, नई दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने अपने नामांकन से पहले चांदनी चौक के गौरी शंकर मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने विंडसर प्लेस के पास अपने आवास से जामनगर हाउस तक पैदल मार्च निकालते हुए नामांकन दाखिल किया। वर्मा ने इस पूरे मामले में कोई टिप्पणी नहीं की है।

## गुजरात में चार साल के बच्चे में संक्रमण की पुष्टि




**एजेंसी । अहमदाबाद**

अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती चार साल के बच्चे में मानव मेटान्यूमोवायरस संक्रमण पाया गया है। जिसके बाद अहमदाबाद में पिछले दस दिनों में एचएमपीवी संक्रमण के मामलों की संख्या पांच हो गई है। राज्य में अब तक छह मामले सामने आ चुके हैं। अहमदाबाद नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी भाविन सोलंकी ने बताया, बुधवार को चार साल के एक बच्चे में एचएमपीवी संक्रमण की पुष्टि हुई। शहर के कृष्णानगर निवासी बच्चे को खांसी, जुकाम और बुखार के चलते 13 जनवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने बताया कि उसी दिन अस्पताल द्वारा किए गए परीक्षण में बालक में एचएमपीवी संक्रमण पाया गया था।

# मायावती को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

## 2009 में लगाई गई मूर्तियों पर दायर जनहित याचिका खारिज

**एजेंसी । नई दिल्ली**



बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की प्रमुख मायावती को बुधवार को सुप्रीम कोर्ट बड़ी राहत मिली। शीर्ष कोर्ट ने 2009 में उनकी सरकार में लगाई गई मूर्तियों पर जांच की मांग करने वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि मायावती ने मुख्यमंत्री रहते हुए बजट से 2,000 करोड़ रुपये खर्च किए, जो उनके और उनकी पार्टी के चुनावी प्रतीक 'हाथी' की मूर्तियों को स्थापित करने में खर्च किए गए थे।

### दो वकीलों ने दायर की थी याचिका

याचिका दो वकीलों रवि कांत और सुकुमार की ओर से दायर की गई थी। जस्टिस बी.वी.नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि अधिकांश मुद्दे अब अधिकतर मुद्दे अब अप्रासंगिक हो चुके हैं। कोर्ट ने इस बात पर गौर किया कि चुनाव आयोग पहले ही इस मुद्दे पर दिशा-निर्देश जारी कर चुका है। जनहित याचिका में आरोप लगाया गया था कि 2008-09 और 2009-10 के दौरान जब मायावती उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री थीं, तब राज्य के बजट से 2,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे, जिनका उपयोग उनकी मूर्तियों और बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के चुनावी प्रतीक हाथी की मूर्तियां विभिन्न स्थानों पर स्थापित करने में किया गया।

## खनौरी बॉर्डर पर 111 किसानों ने शुरू की भूख हड़ताल



**एजेंसी । चंडीगढ़**

पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर बुधवार को आमरण अनशन कर रहे जगजीत सिंह डल्लेवाल के समर्थन में पंजाब व हरियाणा के अलग-अलग जिलों से आए 111 किसानों ने काले कपड़े पहनकर भूख हड़ताल शुरू कर दी। इससे पूर्व पंजाब व हरियाणा के अधिकारियों का सीमा पर आवागमन लगा रहा। जिससे स्थिति तनावपूर्ण बनी रही।

### शांतिपूर्ण ढंग से अपना आमरण अनशन

किसानों को इस तरह से बार्डर के नजदीक पहुंचते देख हरियाणा के डीएसपी अमित कुमार भाटिया, एसडीएम व ड्यूटी मजिस्ट्रेट दलजीत सिंह भी दाता सिंह वाला बार्डर से खनौरी की तरफ फोर्स के साथ आगे आ गए। यहां किसान और फोर्स आमने-सामने आ गई। डीएसपी ने किसानों के पदाधिकारियों को समझाया कि वह शांतिपूर्ण ढंग से अपनी सीमा में रहकर आमरण अनशन चला सकते हैं।

## भारत सरकार की उच्च स्तरीय जांच समिति ने सौंपी रिपोर्ट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने बुधवार को जानकारी दी कि अमेरिकी अधिकारियों की ओर से प्रदान की गई जानकारी पर भारत सरकार की एक उच्च स्तरीय जांच समिति ने केंद्र को अपनी रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में एक अपराधी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की गई है। इस अपराधी के पहले के आपराधिक संबंधों और पृष्ठभूमि की जांच की गई। समिति ने सिफारिश की कि कानूनी कार्रवाई शीघ्रता से पूरी की जानी चाहिए। जांच समिति का गठन




भारत सरकार ने नवंबर 2023 में किया था। गृह मंत्रालय ने कहा, अमेरिकी अधिकारियों की ओर से उन संगठित आपराधिक समूहों, आतंकवादी संगठनों, नशीली दवाओं के तस्करों आदि की जानकारी प्रदान की गई थी, जो भारत और अमेरिका दोनों के सुरक्षा हितों को कमजोर कर रहे थे।

# फॉर्मूला ई रेस मामले में केटीआर को झटका

## सुप्रीम कोर्ट ने एफआईआर के खिलाफ याचिका की खारिज



**एजेंसी । नई दिल्ली**

फॉर्मूला ई रेस से जुड़े मामले में आरोपी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने फॉर्मूला ई रेस से जुड़े मामले दर्ज मुकदमे को रद्द की मांग वाली केटीआर की याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है।

### पीठ ने याचिका को खारिज किया

सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया। इसके बाद केटी रामा राव के वकील ने मामले को वापस ले लिया। इससे पहले सात जनवरी को तेलंगाना हाईकोर्ट ने केटी रामा राव की याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर लगाई रोक भी हटा दी थी। 31 दिसंबर को हाईकोर्ट ने केटीआर की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि आरोपों से पता चलता है कि राव ने राज्य मंत्रिमंडल या वित्त विभाग से किसी भी मंजूरी लिए बिना हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एचएमडीए) को एक विदेशी कंपनी को भारी रकम का भुगतान करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा था कि क्या याचिकाकर्ता ने खुद को या तीसरे पक्ष को लाभ पहुंचाने के लिए बेईमानी से उक्त भुगतान का निर्देश दिया था, इसकी जांच की जानी चाहिए। प्रथम दृष्टया एचएमडीए के धन के दुरुपयोग और गलत काम का मामला बनता है। इसलिए जांच एजेंसी को जांच करने और सबूत इकट्ठा करने का उचित अवसर मिलना चाहिए।

### क्या है पूरा मामला?

दिसंबर 2024 में एसीबी ने पिछले बीआरएस शासन के दौरान 2023 में रेस आयोजित करने के लिए केटीआर और दो अन्य के खिलाफ कथित भुगतान पर मामला दर्ज किया था, इसमें से अधिकांश विदेशी मुद्रा में बिना मंजूरी के थे। यह हैदराबाद में फरवरी 2023 में आयोजित फॉर्मूला-ई रेस के दौरान किए गए कथित भुगतान में अनियमितताओं से जुड़ा है। इस मामले में उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष 16 जनवरी को पेश होना है। ईडी की प्राथमिकी में पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) के बेटे केटीआर आरोपी संख्या-1 के रूप में नामित किया गया गया है। इसके अलावा, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी अरविंद कुमार को आरोपी संख्या-2 और सेवानिवृत्त अधिकारी बीएलएन रेड्डी को आरोपी संख्या-3 के रूप में नामित किया गया गया है। सूत्रों के मुताबिक, मामला करीब 55 करोड़ रुपये के भुगतान से जुड़ा है, जिसमें से कुछ भुगतान बिना अनुमोदन (अप्रूवल) विदेशी मुद्रा में किए गए थे और यह भुगतान फॉर्मूल-ई रेस के आयोजन के लिए किया गया था। बता दें कि पिछले बीआरएस शासन के दौरान 2023 नगरपालिका प्रशासन मंत्री थे।

# शराब घोटाले पर छत्तीसगढ़ में बड़ा एक्शन

### ED ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को किया गिरफ्तार

### कोर्ट ने दी 7 दिन की रिमांड

**एजेंसी । रायपुर**

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में ED ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार की सुबह वे ED दफ्तर पूछताछ के लिए पहुंचे थे। ED कवासी लखमा को लेकर कोर्ट के लिए रवाना हो गयी थी। कोर्ट ने उन्हें 7 दिन के लिए ED की रिमांड पर भेज दिया है। अब



उन्हें 21 जनवरी को पेश किया जायेगा। कवासी लखमा से इससे पहले 2 बार ED के अधिकारियों ने पूछताछ की थी। ED ऑफिस जाते समय लखमा ने कहा था कि, आज पूछताछ के बुलाया गया था, इसलिए आया हूं। देश कानून के हिसाब चलता है, अगर कानून के हिसाब से बुलाएंगे, तो मैं 25 बार आऊंगा। ED के अधिकारी जो सवाल करेंगे, उसका जवाब दूंगा और उनका सम्मान करुंगा।

### कोई भी नहीं बख्शा नहीं जाएगा- डिप्टी सीएम शर्मा

इस मामले में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, लखमा के आबकारी मंत्री रहते FL-10 के नाम पर स्कैम किया गया। अपनी ही सरकार में कवासी लखमा ठग लिए गए। इसीलिए उनके साथ तब जो लोग थे, वे आज नहीं हैं। कानून अपना काम करेगा और कोई भी बख्शा नहीं जाएगा। जहां ED से प्राप्त सूचना के आधार पर एसीबी ने इसी साल 17 जनवरी को इस मामले में एफआईआर की दर्ज की थी। जांच के दौरान एजेंसी ने मामले में फरार चल रहे कई आरोपियों जिनमें आबकारी विभाग के पूर्व विशेष सचिव एपी त्रिपाठी भी शामिल हैं। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।